हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ने किया मातृ छाया में आवश्यक सामग्री का वितरण



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा मातृ छाया कुदुदण्ड में बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री जिसमें गरम कपड़े, कनटोप, निरमा, कंबल, खेलकूद के समान, फिनाइल, साबुन, लेक्टोजेन, एसिड आदि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक मनजीत सिंह अरोरा, किशन बुधिया, आर के अग्रवाल, दौलत खत्री, शिव अग्रवाल, जसपाल आनंद, चंद्रकांत भट्ट, अरविंद दीक्षित, भूपेंद्र गांधी, अनिल सलुजा, कैप्टन गंभीर आदि थे। लायंस क्लब बिलासपुर ने मातृ छाया में बच्चों की सेवा नव वर्ष 2026 के प्रथम सप्ताह में लगातार सेवा के तहत किया। इस सेवा गतिविधि में अध्यक्ष डॉ हर्ष पान्डेय, सचिव रमेश अग्रवाल, विमल केडिया, डॉ अरूण शुक्ला, इतफाक सागरी आदि मौजूद थे।

### उप मुख्यमंत्री साव ने किया लिपिक संघ के कैलेंडर का विमोचन



**बिलासपुर।** छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का जिला शाखा बिलासपुर का वार्षिक कैलेंडर विमोचन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। उन्होंने संघ के पदाधिकारियों को नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी, प्रदेश महामंत्री सुनील यादव, जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष मन्नू श्रीवास्तव, प्रांतीय सचिव मनीष मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रजनी मेहर, अरविंद गहवाई, सागर चौबे, अजय निर्मलकर, मनोज चंद्रवंशी, टिकेश्वर श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे पंडित लोचन प्रसाद पांडेय




**बिलासपुर ।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी एवं पंडित लोचन प्रसाद पांडेय जयंती समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में साहित्य वानस्पति पंडित लोचन प्रसाद पांडेय की जयंती पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया । यह आयोजन डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य, डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे की अध्यक्षता एवं डॉ शत्रुघन जेसवानी, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव एवं विष्णु कुमार तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । डॉ बजरंगबली शर्मा ने समिति के प्रयासों की जानकारी देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की । मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक ने पंडित लोचन प्रसाद पांडेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने जो पुरा अनुसंधान एवं साहित्य सृजन का मार्ग प्रशस्त किया है वह अनुकरणीय है। डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे ने उनकी काव्य कृतियों पद्य पुष्पांजलि, कुसुम माला, जीवन ज्योति आदि की जानकारी दी। डॉ विवेक तिवारी ने कहा कि वे अंचल में प्राप्त पुरा सामग्रियों को न केवल संरक्षित करते थे बल्कि वे उनका पुरातात्विक महत्व भी बताते थे ।

### आयुष कर्मचारी विकास संघ के नव वर्ष कैलेंडर का विधायक ने किया विमोचन

**बिलासपुर।** छग आयुष कर्मचारी विकास संघ के नव वर्ष कैलेंडर 2026 का विधायक निवास सेवा सदन नूतन कालोनी सरकंडा में विधायक सुशांत शुक्ला ने विमोचन किया। कार्यक्रम में विभाग के सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी मौजूद थे। इसमें भागवत मरावी, दिलीप तिवारी, चंदर मरावी, किशुन ध्रुव, रितिक पाण्डेय आदि शामिल हैं। यह जानकारी सचिव चंद्रर सिंह मरावी ने दी। इस दौरान विधायक श्री शुक्ला ने नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

### ब्राह्मण समाज ने किया गांव के बच्चों को जूते का वितरण

**बिलासपुर।** सनाढ्य ब्राहमण महिला मंडल ने ग्राम खजुरी में गांव के छोटे- छोटे बच्चों को जूतों का निःशुल्क वितरण किय। इस अवसर पर समाज की अध्यक्ष तनुजा बिरथरे, सचिव पूनम पराशर, कोषाध्यक्ष दीप्ति मिश्रा, ज्योति शर्मा, साधना समाधिया, अदिति, रीसिका मिश्रा, कोकिला उपाध्याय, पुष्पा दीक्षित, साधना, मीना दुबे, दीप्ति गुवरेले, मालविका, अनु, पूर्वी, कनिष्का मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यश मिश्रा ने किया।

---

एयू कार्य परिषद नामित सदस्य के नाम भेजे गए

# एयू के लिए राजभवन से बनेगी कुलपति चयन कमेटी

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति की तलाश शुरू हो गई है। राजभवन से जल्द ही कुलपति चयन कमेटी गठित की जाएगी। इस चयन कमेटी में राजभवन समेत यूजीसी और यूनिवर्सिटी तीनों के एक-एक सदस्य रहेंगे जो पूरी चयन प्रक्रिया संपन्न करेंगे। अटल यूनिवर्सिटी से कार्य परिषद की अनुशंसा से एक सदस्य का नाम भेजा जा चुका है।

अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति चयन प्रक्रिया के लिए अब राजभवन से एक कमेटी गठित की जाएगी। इस कमेटी में राजभवन और यूजीसी का एक-एक प्रतिनिधि और एक प्रतिनिधि यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की तरफ से होंगे। यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की ओर से एक प्रतिनिधि का नाम गोपनीय तरीके से राजभवन को भेजा जा चुका है। वहीं राजभवन नामित एवं यूजीसी नामित सदस्य का नाम आना बाकी है। इन तीनों सदस्यों के नाम आ जाने के बाद कुलपति चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी और कुलपति के लिए प्राप्त आवेदनों को शार्ट लिस्ट कर इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। कुलपति के लिए नियम मापदण्ड तय किए गए हैं, जिसके अनुसार कुलपति पद का उम्मीदवार दूरदर्शी, नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ शिक्षण और अनुसंधान संबंधी जानकार होना चाहिए, साथ ही प्रतिष्ठित शिक्षाविद होना चाहिए। कुलपति के लिए किसी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो या किसी प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।



■ यूजीसी समेत राजभवन व यूनिवर्सिटी के होंगे एक-एक सदस्य

### कुलपति पद के लिए 96 उम्मीदवार

अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति बनने के लिए छत्तीसगढ़ समेत देश के विभिन्न प्रांतों के शिक्षाविदों ने दिलचस्पी दिखाई है। नए कुलपति की चयन, नियुक्ति प्रक्रिया में समय लगता है इसलिए राजभवन ने पहले ही प्रक्रिया चालू कर दी थी। राजकीय यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति राज्यपाल होते हैं इसलिए कुलपति की नियुक्ति राज्यपाल करते हैं। अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति के लिए राजभवन ने दिसंबर माह में विज्ञापन निकाला था और आवेदन पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन मंगाए थे। कुलपति पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर तक थी। इसमें 96 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं, जिसमें बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के शिक्षाविद तो शामिल हैं ही, साथ ही देश के अलग-अलग राज्यों से भी शिक्षाविदों ने कुलपति के लिए आवेदन किया है।

---

109 कर्मचारियों से 72 कर्मचारी रह गए कार्यरत

# सीयू के दैवेभो कर्मचारियों को 15 सालों बाद जगी उम्मीद

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 15 सालों तक कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद नियमितीकरण का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है। स्टेट यूनिवर्सिटी के समय 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया गया था, जिन्हें सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बाद नियमितीकरण आदेश निरस्त कर पुनः दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी बना दिया गया था। कर्मचारियों ने हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई यूनिवर्सिटी के खिलाफ लड़ी और हर जगह कर्मचारियों के पक्ष में फैसला आया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की क्युरटिव पिटीशन सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने के बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कर्मचारियों के बीच दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले को लेकर चर्चा बनी हुई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक यह मामला हार चुकी है इसलिए यूनिवर्सिटी के सामने नियमितीकरण किए जाने के अलावा और कोई उपाय नहीं बचा है, इसलिए कर्मचारियों को इस बार उम्मीद जगी है। गुरु घासीदास सेंट्रल में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का मुद्दा 15 सालों पुराना है। यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा 15 जनवरी 2009 को मिला और उससे पहले स्टेट यूनिवर्सिटी के समय दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी 5 मार्च 2009 को आदेश आया था, जिसके आधार पर 26 अगस्त 2008 को 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित कर दिया गया था।




■ हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कर्मचारियों के पक्ष में आया फैसला

### मार्गदर्शन लेकर कार्यवाही करेंगे

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से क्युरटिव पिटीशन खारिज होने की जानकारी मिली है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में कोर्ट से पूरा क्या आदेश हुआ है इसकी जानकारी आ जाए, उसके बाद इस पर सेंट्रल गवर्नमेंट से मार्गदर्शन लेकर जो भी नियमानुसार होगा, उसके अनुसार कार्यवाही किया जाएगा।

-प्रो. अश्वनी दीक्षित
रजिस्ट्रार, सीयू

### जानकारी आई है

इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट से यूनिवर्सिटी की क्युरटिव पिटीशन खारिज होने की जानकारी आई है। आगे क्या करना है इस पर यूनिवर्सिटी विचार करेगी। सबसे बड़ी समस्या पद को लेकर आएगी क्योंकि उतना पद कहां से लाएंगे।

-प्रो. मनीष श्रीवास्तव
मीडिया प्रभारी, सीयू

---

कभी भी हो सकती है आदर्श स्टेशन की ओपनिंग

# नए स्वरूप में नजर आने लगा है उसलापुर रेलवे स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत भारत योजना में शामिल होने के बाद उसलापुर रेलवे स्टेशन को डेवलपमेंट का कार्य करीब-करीब पूरा कर दिया गया है। इस आदर्श स्टेशन का स्वरूप अब यात्रियों को अलग नजर आने लगा है। कार्य पूरा होने के उपरांत अधिकारी भी अब रेलवे बोर्ड के ओपनिंग का आदेश का बेसब्री से इंतजार करने लगे हैं।

बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए विकसित करने का काम किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में रेलवे स्टेशन के बाहर की दीवार के सामने एसीपी प्लाई लगाकर आकर्षक लाइटें लगाने के अलावा प्लेटफार्म नम्बर एक पर पुराने टाइल्स को उखाड़कर नई टाइल्स लगाने, स्टेशन के सामने छोटा सा गार्डन, कार की नई पार्किंग, मुख्य गेट की लंबाई और चौड़ाई बढाने का काम करीब पूरा कर दिया गया है। इन सबके बावजूद रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का काफी अभाव है, जिसके कारण यात्री काफी परेशान भी हो रहे हैं। रेल मंडल के अधिकारियों ने निरीक्षण करने के दौरान देश के दूसरे रेलवे स्टेशन के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे उसलापुर स्टेशन की भी ओपनिंग का आदेश मिलने के उपरांत जल्द काम पूरा करने आदेशित किया था। इस आदेश के बाद प्लेटफार्म नम्बर एक पर मुख्य गेट के बायीं ओर बने सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल, कटनी की ओर महिला यात्रियों के लिए बनाई गई अक्षिता, पार्सल कार्यालय, नया पे एंड यूस टायलेट व अन्य कार्य को भी पूरा कर दिया गया है। अमृत भारत स्टेशन के तहत करीब-करीब सारे कार्यो को पूरा करने के बावजूद कुछ कार्य अधूरे पड़े हैं, जिसके लिए नए तरीके से बजट बनाकर बोर्ड भेजने का कार्य किया जाएगा।




### यह कार्य अभी अधूरे

- प्लेटफार्म नम्बर एक बिलासपुर छोर पर स्थित टायलेट का रिनोवेशन कार्य।
- बीबीएस टायलेट के सामने फर्श लगाने का कार्य।
- पार्सल कार्यालय का कार्य।
- 6 वाटर स्टीव बूथ का इंस्टालेशन कार्य।
- वाटर बूथ को शिफ्ट करने का कार्य।
- बुकिंग कार्यालय के वाटर बूथ लगाने का कार्य।
- प्लेटफार्म 2-3 पर वाटर कूलर लगाने का कार्य।
- सेकेंड एंट्री की ओर स्टेशन बिल्डिंग व अन्य कार्य।

### ओपनिंग के पहले पूरा

उसलापुर रेलवे स्टेशन को यात्रियों की सुविधा के लिए विकसित करने का काम अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। यह दूसरे कार्यो के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। वहीं आदर्श स्टेशन की ओपनिंग के लिए कभी भी रेलवे बोर्ड से आर्डर आ सकता है। इसकी तैयारी डिवीजन की ओर से पूरी है।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम
रेल मंडल बिलासपुर

---

# रमन विवि व गुरुकुल आईएएस अकेडमी के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय एवं गुरुकुल आईएएस अकेडमी के बीच विद्यार्थियों के हित के लिए शैक्षणिक समझौता किया गया है। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्ता पूर्ण तैयारी तथा शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करना है। इसके तहत संघ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, बैंकिंग, रेलवे एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी शैक्षणिक गतिविधियों को संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा। छात्रों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन, व्याख्यान, सेमिनार, कार्यशालाएँ और करियर काउंसलिंग जैसी सुविधाएं मिलेगी। इसके साथ ही दोनों संस्थान अपने-अपने शैक्षणिक अनुभवों का आदान–प्रदान करेंगे, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सही दिशा और रणनीति मिल सके।

■ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, शोध और शैक्षणिक गतिविधियों में होगा सहयोग



### विज्ञान पर्व में दिखेगी विद्यार्थियों की प्रतिभा

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में 7 जनवरी को विज्ञान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के 50 स्कूलों के 500 से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इस विज्ञान पर्व में साइंस, टेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर, सहित विभिन्न क्षेत्रों के मॉडल विद्यार्थी प्रस्तुत करेंगे।

विश्वविद्यालय के छात्र गुरुकुल आई.ए.एस.अकेडमी के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ उठा सकेंगे। शोध, नवाचार और छात्रों के समग्र विकास पर रहेगा। दोनों संस्थान मिलकर शैक्षणिक शोध, ज्ञान-विकास, नवाचार और अनुभव साझा करने की दिशा में कार्य करेंगे। इससे विद्यार्थियों में अध्ययन के साथ-साथ शोधपरक सोच विकसित होगी और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकेंगे। इसमें विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अरविंद तिवारी एवं गुरुकुल आई.ए.एस. के डायरेक्टर डॉ. बृजेन्द्र शुक्ला द्वारा हस्ताक्षर किए गए। वक्ताओं ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और अनुशासित तैयारी भी अत्यंत आवश्यक है। यह शैक्षणिक समझौता विद्यार्थियों को एक बेहतर मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की ठोस तैयारी कर सकेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष कुलसचिव डॉक्टर अरविंद कुमार तिवारी, आई.ए.एस. के डायरेक्टर डॉ. बृजेन्द्र शुक्ला, सहायक प्राध्यापक प्रियंका जैन उपस्थित थे।

---

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर पुलिस अफसरों ने दिलाई शपथ

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 अंतर्गत आज पांचवे दिन यातायात की टीम एवं जीवधरणी फाउंडेशन द्वारा डीपी विप्र महाविद्यालय में यातायात की पाठशाला का आयोजन किया गया। एनसीसी के लेफ्टिनेंट आशीष शर्मा ने सड़क सुरक्षा माह पर प्रकाश डाला। यातायात के मास्टर ट्रेनर पूर्व सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे ने कहा यदि युवा ठान ले तो इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने सड़क में वाहन की गति पर नियंत्रण और धैर्य पर बल दिया। उमाशंकर पांडे ने युवाओं को यातायात नियमों के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर आभा तिवारी, किरण दुबे सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन बिलासपुर में ऑटो चालकों को सुरक्षित यातायात संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। ऑटो में वाहन चालक के अगल-बगल सवारी न बैठने, नशा कर वहान न चलने, वहान चलते हमेशा मोबाइल से दूरी बनाए रखने एवं सभी से हमेशा मधुर व्यवहार करने,तथा सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाने हेतु समझाइए दी गई । कार्यक्रम में ऑटो चालकों को यातायात नियमों के शत प्रतिशत पालन करने संबंधी शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान यातायात के प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह ने यातायात पर आधारित पैरोडी एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम के आयोजन में जीव धारणी फाउंडेशन के विकास वर्मा, ऑटो संघ के जराड वेल हाल ट्रेन एवं अन्य पदाधिकारी तथा सड़क सुरक्षा समिति अशोक श्रीवास्तव एवं उषा भांगे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डीसीटीआई की सजगता से घर से भागे बच्चों का रेस्क्यू



**बिलासपुर।** डीसीटीआई की सजगत से घर से भागे दो बच्चों का रेस्क्यू करने के बाद जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है। मंगलवार को 12101 एलटीटी मुम्बई से हावड़ा जाने वाली ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स एसईसीआर के नागपुर डिवीजन में पहुंची थी।

गाड़ी के स्टेशन पहुंचनें के बाद उप मुख्य टिकिट निरीक्षक डिप्टी सीटीआई श्रीमती मृणाल चाफले और दिनेश आर पाण्डेय ट्रेन में टिकिट की जांच करने सवार हो गए। इस दौरान उन्होंने स्लीपर कोच एस 1 में दो बच्चों को संदिग्ध अवस्था में देखा। बच्चों की स्थिति को देखकर तत्काल सतर्कता बरतते हुए कोच में मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई। इस दौरान जानकारी मिली कि दोनों बच्चे कल्याण महाराष्ट्र के निवासी हैैं और अपने घर से भाग आ गए हैं। दोनों बच्चे काफी भयभीत दिखाई दे रहे थे, जिनके साथ कोई भी परिजन मौजूद नहीं था। बच्चों की स्थिति को देखते हुए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कर सांत्वना देकर आवश्यक सहायता प्रदान की गई। संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के बाद दोनों बच्चों को सुरक्षित रूप से जीआरपी के सुपुर्द किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने कहा कि रेल कर्मचारियों की सजगता एवं संवेदनशीलता के कारण एक गंभीर घटना को समय रहते टाला गया।

### नज़ीर अली का सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार

**बिलासपुर।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू किए गए एक अज्ञात व्यक्ति जिनकी पहचान बाद में नज़ीर अली (निवासी गुजरात) के रूप में की गई। उनका उपचार के दौरान सिम्स हॉस्पिटल में निधन हो गया। मानवता की मिसाल पेश करते हुए मुस्लिम समाज और स्थानीय एनजीओ के समन्वय से उनका अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ खामोशगंज कब्रिस्तान में किया गया। मृतक नज़ीर अली को गंभीर हालत में रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू कर 4 जनवरी को सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उन्होंने स्वयं को गुजरात का निवासी बताया था। दुर्भाग्यवश, उसी रात 11:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। कोई परिजन सामने न आने पर मुस्लिम समुदाय और शहर के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके कफ़न-दफन का पूर्ण इंतजाम मुस्लिम समाज द्वारा किया गया। इस सेवा कार्य में खालिद खान, शाहरुख अली, रोमी भास्कर, मो. मुकीम, श्याम तिवारी, रेखा आहूजा सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

---

## एजुकेशन प्लस

### बीपीएस में हिन्दी व्याकरण पर कार्यशाला




**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई में हिंदी भाषा के सशक्तिकरण के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालन विषय विशेषज्ञ रवि प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय व्याकरण तथा उच्चारण संबंधी पहलुओं पर केंद्रित रहा, जिसे प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया गया। कार्यशाला के दौरान हिंदी शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से व्याकरण और शुद्ध उच्चारण की बारीकियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर व्यापार विहार शाखा एवं मिशन कैंपस से जुड़े हिंदी विभाग के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। जिससे कार्यशाला का दायरा और प्रभाव और अधिक व्यापक हो गया। सभी शिक्षकों ने इस प्रकार के अकादमिक आयोजनों को शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम की सफलता विद्यालय की निदेशिका प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता, रचना झा, रिंकी बिस्वास आदि का सहयोग रहा।

## बिजनेस प्लस

### कैट का भारतीय व्यापार महोत्सव होगा दिल्ली में

**बिलासपुर।** व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सचिव सतीश सलूजा (राजू) ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी विज़न को आगे बढ़ाते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में चार दिवसीय भारतीय व्यापार महोत्सव के आयोजन करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य देश के घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सुदृढ़ करना है तथा भारत के व्यापार के परचम को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में स्थापित करना है।

कैट बिलासपुर अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह एवं कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में टैरिफ और वैश्विक संघर्षों के चलते विश्व में बड़े परिवर्तन आए हैं। कैट इसे भारत की सामूहिक क्षमताओं को सशक्त करने के एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है। इसी क्रम में कैट द्वारा देश भर में भारतीय व्यापार मूवमेंट शुरू किया जा रहा है जिसकी पहली और प्रमुख पहल के रूप में कैट 1 मई से 4 मई तक भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 का आयोजन करेगा। पत्रकार सम्मेलन में महोत्सव को देश भर में लोकप्रिय बनाने एक वीडियो गीत भी लांच किया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 भारतीय कॉमन मार्केट का उत्सव होगा और "वन नेशन - वन मार्केट" की भावना के तहत भारतीय व्यापार, विनिर्माण, सेवाओं एवं उद्यमिता की सामूहिक शक्ति, विविधता और एकता को प्रदर्शित करेगा तथा भारत की पुरातन संस्कृति एवं सभ्यता से व्यापार के जुड़ाव को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। यह भारतीय व्यापारियों, एमएसएमई, महिला एवं युवा उद्यमियाँ, निर्माताओं एवं सेवा प्रदाताओं की वास्तविक क्षमता को एक राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 में देश भर से 2000 से अधिक प्रदर्शनी स्टॉल,, '2 लाख से अधिक व्यापारी ' तथा लगभग '10 लाख लोगों के चार दिनों में भाग लेने का लक्ष्य है।

महोत्सव में बड़ी मात्रा में व्यापार सौदों, साझेदारियों एवं भारतीय उत्पादों में निवेश होने की संभावना है। इस स्वदेशी एक्सपो में एमएसएमई, महिला उद्यमी, कारीगर, स्टार्टअप, युवा स्टार्टअप, को-ऑपरेटिव संस्थाएँ, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), पारंपरिक एवं विरासत आधारित उत्पादों के प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, साथ ही निर्यात विस्तार के साथ आयात प्रतिस्थापन को भी सशक्त रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 24 से अधिक क्षेत्रों एवं वर्टिकल्स में फैली होगी और इसे आठ समर्पित जोनों में आयोजित किया जाएगा। कैट ने बताया कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय मेगा व्यापार उत्सव है - जो व्यापार, संस्कृति, नवाचार एवं विरासत का समन्वय करता है।

### जादूगर हीरालाल के ब्लैक आर्ट मैजिक के दीवाने हुए शहरवासी



**बिलासपुर।** शिव टाकिज में उड़ीसा के फेमस जादूगर आर के हीरालाल बिलासपुर में पहली बार अपना जादू का कर्तव्य लेकर आए हैं। लगभग 30 सालों से जादू जगत में अपना नाम और पहचान बना चुके उड़ीसा के जादूगर आर के हीरालाल ब्लैक आर्ट मैजिक बिलासपुर में पहली बार जनता को दिखा रहे हैं। शैडो ऑफ़ लाइट, भूत प्रेत छाया का खेल, ऐसे कई और चमत्कार जो बिलासपुर की जनता के लिए नई-नई चीज पेश कर रहे हैं।

रोजाना दो शो में यह जादू लोगों के सामने प्रदर्शित किया जा रहा है। यह शो दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक एवं छुट्टी के दिन शनिवार रविवार को 3 शो दोपहर 12 बजे, दोपहर 3 बजे और शाम 6 बजे से चालू है। जादूगर ने बताया कि स्कूल, कोचिंग संस्थान के लिए मात्र 80 रुपए में 100 से 500 संख्या होने पर बुकिंग करा सकते हैं। यह जादू सीमित समय के लिए है। अपनी हाथों कला व जादू से लोगों को दिवाना बना चुके जादूगर हीरालाल किसी पहचान के मोहताज नहीं है। पूरे देश में उनके जादू की तारीफ करने वालों की कमी नहीं है। आज समाज का हर वर्ग उनका जादू देखने को बेताब है। स्कूल कालेज के बच्चों की लगातार यहां भीड़ देखने को मिल रही है। उनका जादू रोमाचंक के साथ ज्ञानवर्धक व प्रेरणदायी है। उन्होंने बताया कि उनके जादू से कलाकार मंच जब अपनी जादू का जलवा लोगों के सामने प्रस्तुत करते हैं तो पूरा हाल तालियों से गूंजने लगता है। शो के पहले एड्वांस बुकिंग की सुविधा भी है। दर्शकों के बैठने के लिए यहां उत्तम व्यवस्था की गई है। बिलासपुर सहित देश के अन्य बड़े शहरों में अपनी कला का जादू बिखेर चुके जादूगर हीरालाल ने बताया कि यहां हर शो फूल चल रहा है। दर्शकों को जादू का आनंद लेने में काफी मजा आ रहा है।

तापमान
अधिकतम 25.4 डिग्री
न्यूनतम 10.3 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026


शनिचरी रपटा पर बनाया जा रहा पुल।



## नशे के सौदागर को 10 साल कैद, 1 लाख जुर्माना

**बिलासपुर।** कोर्ट ने नशे के सौदागर को 10 साल कैद व 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। 22 जून 2023 को सिविल लाइन थाना के एएसआई राजेश्वरधर दीवान को सूचना मिली कुदूदण्ड गायत्री मंदिर के पास हरिकृष्ण प्रधान के किराए के मकान में रहने वाला धन्नू उर्फ गुरूदयाल कश्यप नशीले इंजेक्शन की बिक्री कर रहा है। उन्होंने मौके पर दबिश देकर धन्नू को पकड़कर 6400 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किया था। जिसकी कीमत 1 लाख 75 हजार 500 रुपए थी। श्री दीवान ने एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी युवक को गिरफ्तार कर विवेचना के बाद चालान कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने आरोप सिद्ध होने पर आरोपी धन्नू उर्फ गुरूदयाल कश्यप को 10 साल कठोर कारावास व 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।

# शहरवासी टैक्स तो देना चाहते हैं, लेकिन निगम 25 सालों में भी ऑनलाइन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

25 साल बाद भी नगर निगम आनलाइन टैक्स की व्यवस्था ठीक से नहीं कर पाया है। निगम ने एप तो लांच किया है लेकिन उससे पेमेंट में कई समस्याएं सामने आती हैं। हाल यह है कि कुल एक लाख 30 हजार लोगों में से पिछले साल सिर्फ 34 हजार लोगों ने ही इस सुविधा को अपनाया जो कि सिर्फ 27 प्रतिशत ही है। पांच साल पहले हुए इस ऑनलाइन सुविधा की जगह आज भी लोग ऑफलाइन यानी निगम दफ्तर जाकर ही टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। वेबसाइट, यूपीआई और ऑनलाइन भुगतान के अलग-अलग विकल्प के बावजूद लोग मार्च यानी साल के आखिरी दिनों में निगम दफ्तर जाकर कतार में खड़े होते हैं।

शहर के अधिकांश लोग टैक्स देना चाहते हैं लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं होने से इसमें मुश्किल हो रही है। अभी भी लोग टैक्स चुकाने ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग करने में कतरा रहे हैं। इसकी बड़ी वजह ऑनलाइन के सभी विकल्पों में कुछ न कुछ तकनीकी दिक्कत है। कई बार ऑनलाइन माध्यम में सर्वर की वजह से भुगतान करने में दिक्कत होती है। कई बार टैक्स स्लिप नहीं निकलती।

अलग खबर




### शहर में एक लाख 30 हजार करदाता

ज्ञात हो कि बिलासपुर निगम में संपत्तिकर भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। संपत्तियों के सर्वे के बाद हर मकान की प्रॉपर्टी आईडी बनाई गई और लोगों की जानकारी ऑनलाइन अपडेट की गई। अभी भी बमुश्किल से 27 प्रतिशत के आसपास लोग ही ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर रहे हैं। यहां लोगों का कहना है कि संपत्तिकर की रसीद एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। लोगों को सालों से इसकी हार्ड कॉपी संभालकर रखने की आदत है। ऑनलाइन माध्यम में डिजिटल पावती मिलती है। यह गुम हो जाने पर दिक्कत होती है। इसलिए लोग अभी भी निगम दफ्तर जाना पसंद कर रहे हैं।




- वेबसाइट,यूपीआई के विकल्प के बाद भी कतार में खड़े होना बेहतर समझ रहे लोग
- सवा लाख से अधिक करदाता, लेकिन 34 हजार लोगों ने ही व्यवस्था को अपनाया

### स्मार्ट चैटबॉक्स भी काम नहीं कर रहा

गौरतलब है कि बिलासपुर नगर निगम ने नागरिकों को स्मार्ट चैटबॉट के माध्यम से घर बैठे महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने का दावा किया था। यह सुविधा पूरी तरह व्हाट्सएप आधारित है। यह भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। इस व्यवस्था के तहत प्रापर्टी टैक्स की जानकारी और भुगतान, बिल्डिंग परमिशन, शिकायत पंजीकरण, जन्म मृत्यू प्रमाण और अन्य नगर निगम से जुड़ी सेवाएं देनीं है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि कुछ समय के लिए समस्या थी लेकिन अब सिस्टम पूरी तरह ठीक कर लिया गया है। व्हाट्सएप में ही अपने संपत्तिकर की स्थिति जान सकते हैं और वहीं पर भुगतान का भी विकल्प है। इसके अलावा यूपीआई, नेटबैंकिंग समेत अन्य माध्यम भी हैं।

### घरों में लगाए जा रहे डिजिटल कोर नंबर

दस्तावेजों को ऑनलाइन रजिस्टर्ड करवाया जा रहा है। घरों में डिजिटल कोर नंबर भी लगाए जा रहे हैं। अब क्यूआर कोड से मकानों की पहचान होगी। लोग घर बैठे सारे टैक्स जमा कर सकेंगे। एक यूनिक आईडी नंबर सभी मकानों को मिलेगा। आनलाइन टैक्स जमा करने में कुछ परेशानी आ रही थी उसे दूर कर लिया जाएगा।

**- प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

### इधर मोर बिजली एप 100 प्रतिशत सफल

कुछ लोगों के मुताबिक संपत्तिकर भुगतान का आनलाइन सिस्टम अच्छा है, लेकिन भुगतान की रसीद एक बड़ी समस्या है। पावती डाउनलोड नहीं हो पाती इसलिए जोन आफिस में जाकर ही टैक्स जमा करना बेहतर है। खमतराई निवासी अनिल पाल के मुताबिक उन्होंने चैटबॉट से संपत्तिकर जमा किया, लेकिन पावती ही नहीं मिली। ऑनलाइन चेक किया तो संपत्तिकर बकाया बता रहा था। निगम के इंजीनियर से इसकी शिकायत की तो उन्होंने तकनीकी फॉल्ट बताया। हालांकि उन्होंने बाद में संपत्तिकर भुगतान की पावती डाउनलोड कर दी। अन्य लोगों का कहना है कि बिजली कंपनी का मोर बिजली एप 100 प्रतिशत सक्सेस है। इसमें तुरंत भुगतान हो जाता है। इसी तरह निगम का भी सिस्टम होना चाहिए। सबसे बड़ी दिक्कत पावती है। हार्डकॉपी लेने लोगों को निगम जाना ही पड़ता है।

### अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड, श्रीकांत वर्मा मार्ग, महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक व्यवस्था होगी दुरुस्त

- लक्षित सेक्टर में पुलिस, प्रशासन एवं निगम द्वारा मंगलवार को की गई कार्रवाई
- पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्राथमिकता के आधार पर महीने भर चलेगा अभियान








मंगलवार को अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड तक अवैध पार्किंग और बेजाकब्जा हटाने के दौरान व्यापारियों को समझाइश देते पुलिस अफसर।

# ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन होंगे शहर के तीन सेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के तीन सेक्टर ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन होंगे। इसमें अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड वाली सड़क, श्रीकांत वर्मा मार्ग के साथ महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक वाली सड़क में व्यवस्था दुरुस्त होगी। इसके तहत पुलिस, प्रशासन एवं नगर निगम की टीम मिलकर काम करेगी। इसमें सड़क पर अतिक्रमण, ठेले गुमटी लगाने या अवैध निर्माण पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्राथमिकता के आधार पर महीना भर यह अभियान चलेगा।

दरअसल राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत विभिन्न आयोजनो के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को दृष्टिगत रखते हुए भूतल परिवहन मंत्रालय एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार विभिन्न सुधारात्मक एवं समाधान कारक प्रयास के क्रम में योजनाबद्ध तरीके से यातायात सरल, सुगम, सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुचारु बनाए जाने हेतु विभिन्न प्रयास भी किए जा रहें हैं।

### सरल, सुगम एवं सुचारु व्यवस्था

इसी के तहत आईजी संजीव शुक्ला और एसएसपी रजनेश सिंह ने शहर को विभिन्न सेक्टर में विभाजित करके कुछ सेक्टरों में योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाने का फैसला लिया है, जिससे की स्मार्ट सिटी के तर्ज पर सरल, सुगम एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इस क्रम में सर्वप्रथम शहर में तीन सेक्टर निर्धारित किए गए हैं। इसमें अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड, लिंक रोड से महिमा तिराहा, श्रीकांत वर्मा मार्ग तथा महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक की सड़क को ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन बनाया जोगा।

### लिंक रोड पर चलाया गया अभियान

अधिकारियों के मुताबिक अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्सी, होर्डिंग आदि के माध्यम से मुख्य मार्ग को बाधित करने वाले को इस अभियान में हटाया जाएगा। होटल, लाज, ढाबा, सराय, कोचिंग संस्थान आदि के कारण भीड़ लग रही को भी व्यवस्थित किया जाएगा। जितने भी ठेला, घूमटी, चाट, गुपचुप, फल, खिलौने आदि के चलित ठेला है उन्हें मुख्य मार्ग में रखकर बेचने वालों पर कार्रवाई होगी। इसी क्रम में मंगलवार को अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग को बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसमें दुकानों के सामने लगी हुई बैनर, फ्लेक्सी, पोस्टर, होर्डिंग, डिस्प्ले को हटाया गया।

### होटल पर कार्रवाई के दौरान विवाद

लिंक रोड में कार्रवाई के दौरान विवाद भी हुआ। प्रशासन की संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान इस सड़क पर स्थित एक बड़े होटल पर भी कार्रवाई कर दी। अधिकारियों के मुताबिक होटल संचालक ने सड़क पर कब्जा करते हुए सीढ़ी की ढलाई कर दी थी। इसके साथ ही सड़क पर बैनर, फ्लेक्सी, पोस्टर टांग दिए थे। निगम ने ढलाई को तोड़ दिया तो बाकी सामान कब्जे में ले लिया। इसके बाद होटल संचालक द्वारा दबंगई दिखानी शुरू कर दी गई। अधिकारियों के पास फोन भी पहुंचने लगे। इसके अलावा संयुक्त टीम ने दुकान के सामने अतिरिक्त अतिक्रमण करते हुए कंक्रीट के पक्का निर्माण, मुख्य मार्ग में की गई पृथक से निर्मित अन्य संरचना तथा दुकान को अतिरिक्त बढ़ाते हुए दीवाल आदि को हटाया गया। इसके साथ ही दुकान के सामने छत पर मुख्य मार्ग की ओर बढ़ते हुए विभिन्न डिस्प्ले बोर्ड, साइन बोर्ड, पुतला आदि को हटाया गया।

# स्वास्थ्य केन्द्र के 10 कर्मचारी नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सागर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व मलेरिया कार्यालय का औचक निरीक्षण के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुभा गरेवाल मंगलवार को दौरे पर पहुंचीं। इस दौरान 14 में से 10 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। डॉ गरेवाल ने अटेंडेंस रजिस्टर मंगाकर सभी के नाम पर लाल घेरा लगाया और नोटिस जारी करने का आदेश दे दिया है।

- सीएमएचओ ने दिया नोटिस

निरीक्षण के दौरान जिला मलेरिया कार्यालय में कार्यरत 14 कर्मचारियों में महज 4 कर्मचारी ही उपस्थित मिले ,अन्य कर्मचारियों द्वारा अटेंडेंस रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर कार्यालय से बिना सूचना गायब थे। इस दौरान सीएमएचओ गरेवाल ने तेवर दिखाया और अनुपस्थित कर्मचारियों की खबर ली। नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने और आधार बेस अटेंडेंस करने आदेश दिया गया है । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सागर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं को 20-25 किलोमीटर दूर बिलासपुर जिला अस्पताल या सिम्स में डिलीवरी कराने जाने की स्थिति नहीं आने की हिदायद दी है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटें प्रसूति सेवा उपलब्ध रखने का आदेश दिया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में समीक्षा बैठक के दौरान डॉ. गरेवाल ने संस्था प्रभारी डॉ. राहुल डडसेना सहित समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनसीडी कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग कार्य समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं और किए गए कार्यों की प्रविष्टियां नियमित रूप से अपडेट हो। इस दौरान नोडल डॉ रक्षित जोगी, डॉ सौरभ शर्मा व अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।




### ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएं कर्मचारी

सीएमएचओ ने आमजन के आयुष्मान कार्ड और वय वंदन कार्ड शीघ्रता से बनाने पर जोर दिया है। निक्षय निरामया अभियान के तहत टीबी संभावित लोगों की स्क्रीनिंग और जरूरतमंद मरीजों का एक्स-रे जांच कराने कहा है। सीएचओ और आरएचओ को आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर के माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रविष्टि समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने एईबीएएस के माध्यम से कर्मचारी उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए कहा है।

# स्पा सेंटरों पर पुलिस की दबिश पांच प्रबंधकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अनियमित गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना सिविल लाइन पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में संचालित स्पा सेंटरों की सघन चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत सिविल लाइन क्षेत्र के स्पा सेंटरों की जांच की गई, जहां नियमों के उल्लंघन और संदिग्ध गतिविधियां पाए जाने पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

पुलिस की टीम ने एक्वा स्पा 36 मॉल, एसीसी स्पा व्यापार विहार, दर्शना स्पा भारतीय नगर, एलिमेंट्स स्पा मैग्नेटो के पास और एक्वा-2 स्पा महाराणा प्रताप चौक की बारीकी से जांच की। इस दौरान स्पा सेंटरों में कार्यरत स्टाफ, ग्राहकों की एंट्री, रजिस्टर, पहचान पत्र, लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की गई। चेकिंग के दौरान कुछ स्पा सेंटरों में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। पुलिस को अनियमित गतिविधियों के संकेत मिलने पर संबंधित स्पा प्रबंधकों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत पुलिस ने पांच व्यक्तियों को अनावेदक बनाया है।

पुलिस ने स्पा सेंटर के संचालक अविनाश लहरे पिता प्रहलाद लहरे (33), निवासी उसलापुर, ऋषभ सारथी पिता संतोष सारथी (20), निवासी उसलापुर, मोहम्मद मोइन खान पिता स्वर्गीय सिराजुल खान (33) निवासी टॉप्सिया तिलजला, थाना कराया, जिला परगना, पश्चिम बंगाल, मनीष जोशी पिता झूमर जोशी (28), निवासी विद्यानगर और अमन सेन पिता श्रीराम कुमार सेन (23) निवासी महाराणा प्रताप चौक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।


पुलिस की गिरफ्त में प्रबंधक।

## क्रिकेट सट्टाः खाई वालों के घरों में पुलिस का छापा, हड़कंप

**बिलासपुर।** लंबे अरसे से शहर में क्रिकेट सत्ता खिलाने वाले क्रिकेट सट्टा खाईवालों के घरों में पुलिस ने दबिश है । इस दौरान 2 से 3 खाईवालों को पकड़ा गया है। पुलिस की कार्रवाई से खाईवालों में हड़कंप मच गया है ।

एसएसपी रजनेश सिंह ने आगामी आईपीएल के पूर्व शहर में संगठित रूप से क्रिकेट सट्टा खिलाने वालों की जन्म कुंडली तैयार कर सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को पृथक से टीम बनाकर खाइवालों के घर में दबिश देकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सीएसपी श्री परिहार ने मंगलवार को अलग-अलग थानों के पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर शहर में क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले खाई वालों के घर में दबिश दी। पुलिस की एकाएक करवाई से शहर के खाईवालों में हड़कंप मच गया । कई खाईवाल शहर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने तीन चार खाई वालों को पकड़कर उनसे पूछताछ करने में लगी हुई है। एसएसपी श्री सिंह ने कहा सीएसपी सिविल लाइन को टीम बनाकर शहर में क्रिकेट सट्टा खिलाने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



## खबर संक्षेप

### पुलिस हमेशा लोगों की मदद के लिए तैयारः साहू



**बोदरी।** चकरभाठा थाना प्रभारी उमेश साहू क्षेत्र में अमन शांति कायम रखने के लिए लगातार सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि, थाना क्षेत्र के गांव में किसी भी प्रकार की घटना होने पर वे तत्काल थाने को सूचित करें तथा उसकी रिपोर्ट दर्ज कराएं, ताकि पुलिस लोगों की सहायता कर सके। पुलिस आमजनों के लिए है, पुलिस हमेशा लोगों की मदद के लिए तैयार रहती है। उमेश साहू ने आगे कहा कि, क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा खेलने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि, किसी भी प्रकार की घटना होने पर थाना को सूचित करें, ताकि पुलिस हर संभव मदद कर सके।

### महिला के साथ गाली गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** जमीन में हिस्सा मांगने की बात पर महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विचारपुर कापा निवासी मलीना कश्यप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 5 जनवरी की शाम 5 बजे वह घर में थी। इसी दौरान मनी उर्फ नरेश कश्यप उर्फ राजू कश्यप ने जमीन में हिस्सा मांगने की मांग पर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### लव कुमार पांडेय



**बिलासपुर।** ग्राम सोंठी खम्हारिया निवासी लव कुमार पांडेय का मंगलवार को निधन हो गया। वे 37 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे अनिता पाण्डेय के पति शिवाय पांडेय के पिता थे।

### कुमारी उषा नाथ



**बिलासपुर।** लिंक रोड राजेन्द्र नगर निवासी कुमारी उषा नाथ का 6 जनवरी को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी को सुबह 11.30 बजे प्रभु की वाटिका सिंधी कॉलोनी जरहा भाटा में किया जाएगा। वे एनवी नाथ की पुत्री आलोक नाथ, संजय नाथ एवं मेरी नाथ की बहन थीं।

### यूजीन एंथोनी



**बिलासपुर।** मोपका निवासी भारत माता स्कूल के शिक्षक यूजीन एंथोनी का 6 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी को दोपहर 12 बजे तोरवा कब्रिस्तान में किया जाएगा

### नेत्रम सिंह परिहार



**बिलासपुर।** सरजू बगीचा निवासी नेत्रम सिंह परिहार बारगांव वाले का 5 जनवरी को निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार मधुबन श्मशान गृह दयालबंद में किया गया। वे कस्तुरी,लता, और राजेश सिंह परिहार के अग्रज थे।

### राजेंद्र चंद्रवंशी



**बिलासपुर।** ग्राम मानिकपुर जिला कवर्धा निवासी राजेन्द्र चंद्रवंशी का 6 जनवरी को निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम मानिकपुरी में 7 जनवरी को सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे राघव राम चंद्रवंशी के पुत्र, विमा चन्द्रवंशी के पति, चेतना एवं गौरव के पिता थे।

### बहतराई बस्ती में मना हिंदू सम्मेलन

# हिंदू समाज को सशक्त और संगठित रहने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बहतराई बस्ती स्थित शासकीय विद्यालय परिसर में डॉ रजनीश पाण्डेय के नेतृत्व में 'हिंदू सम्मेलन' का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमूह और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता व हिंदू जागरण मंच के प्रांत प्रचारक राजेश भार्गव ने समाज की एकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि, हिंदू समाज को सशक्त और संगठित रहने की आवश्यकता है। उन्होंने धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों पर कड़ा कटाक्ष किया, और लोगों को सावधान रहने की सीख दी। उन्होंने सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा को सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम में स्वामी चिद्विलासानंद जी महाराज ने आशीर्वचन देते हुए उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक और नैतिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं, मातृशक्ति के रूप में उपस्थित प्रो डॉ पुष्पा भंडारी ने सामाजिक उत्थान में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन के संयोजक और प्रथम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ रजनीश पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, एक सशक्त समाज की नींव केवल अच्छे विचारों, अनुशासन और सेवा भाव से ही रखी जा सकती है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को संस्कारों के साथ जीवन जीने और सकारात्मक कर्म करने का संदेश दिया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा

कार्यक्रम के दौरान बस्ती के नन्हें बाल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। सांस्कृतिक सत्र में श्रीराम भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, वहीं छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति 'राउत नाचा' का प्रदर्शन हुआ। साथ ही संगीत के माध्यम से 'महाभारत' के दृश्यों की अद्भुत जीवंत प्रस्तुति दी गई। त में शानदार प्रदर्शन करने वाले सभी नन्हे कलाकारों को मंच पर पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के संकल्प और भारत माता की आरती के साथ हुआ। अंत में अतिथियों ने हिंदू समाज के विकास, एकता और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# वसुधैव कुटुंबकम से है भारत की पहचान

**सकरी।** उसलापुर साईं नगर स्थित साईं आनंदम में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत भारत माता की आरती एवं हनुमान चालीसा के पाठ से हुई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बिलासपुर के संघचालक राजकुमार सचदेव ने कहा कि, आज समाज के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं, विचारों का भ्रम, मूल्यों का क्षरण और आत्मकेंद्रित जीवनशैली। ऐसे समय में पंच प्रबोधन हमें सही दिशा दिखाने का कार्य करता है।

उन्होंने कहा कि, सामाजिक समरसता हमारी सनातन परंपरा की आत्मा है। भारत की पहचान 'वसुधैव कुटुंबकम से है, जहां जाति, वर्ग, भाषा या पंथ से ऊपर उठकर मानव-मानव में समान भाव रखा गया। समरस समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव बनता है। उन्होंने कहा कि, आज पर्यावरण संरक्षण केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि धर्म है। प्रकृति हमारी माता है एवं पेड़, जल, वायु और भूमि का संरक्षण करना आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा दायित्व है। एक पेड़ लगाना, जल बचाना और स्वच्छता अपनाना छोटे कदम हैं, पर बड़े परिवर्तन का आधार हैं। साध्वी पद्मिनी पूरी ने गौ माता की सेवा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, गौ माता हमारी सनातन संस्कृति की जीवंत आधारशिला हैं। वे भारतीय जीवन-पद्धति, कृषि, पर्यावरण और आध्यात्मिक चेतना की प्रतीक हैं। वेदों से लेकर पुराणों तक गौ को 'सर्वदेवमयी' कहा गया है, क्योंकि गौ माता के संरक्षण में ही समाज, संस्कृति और प्रकृति का संतुलन निहित है। गिरजाबंद हनुमान मंदिर रतनपुर के संत तारकेश्वर पुरी ने विधर्मियों से निपटने एकजुट रहने का आवाहन किया। पार्षद किरण राजेन्द्र टंडन ने कहा कि आज जरूरी है कि, समाज संगठित होकर धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों की रक्षा करे।



■ संतो ने समाज से पंच परिवर्तन का किया आग्रह

उन्होंने युवाओं से नशामुक्त, संस्कारवान और राष्ट्रभक्त जीवन अपनाने की अपील की। सम्मेलन में आयोजन समिति के संरक्षक विजय तिवारी, संयोजक पारितोष क्षत्री, सह संयोजक कामेश्वर बैरागी, सचिव रामजी राजपूत, काशीराम खुसरो, दीपक प्रकाश साहू, डॉ गजेन्द्र साहू, बसंतनेताम, रामचंद्र यादव, आरती राजपूत, स्वाति पलेरिया,नीतू गुप्ता, शिवनारायण तिवारी सहित बड़ी संख्या में हिन्दू समाज व संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे। - सम्मेलन में कवि विनय पाठक, ओम प्रकाश भट्ट,मनीषा भट्ट ने अपना कविताओं से समां बांधा। वहीं प्रभात भजन मंडली, रामजी राजपूत की भजन मंडली ने प्रस्तुति दी। रामचंद्र यादव की जसजीत टोली द्वारा आदि शक्ति की स्तुति की गई।

# वरिष्ठ साहित्यकार दुबे को लोक साहित्य कला सम्मान



**बिल्हा।** छेरछेरा पर्व पर अहीर नृत्य कला परिषद् देवरहट मुंगेली की ओर वसे आयोजित कला एवं छेरछेरा महोत्सव में साहित्य जगत की प्रमुख विभूति और बिल्हा के वरिष्ठ साहित्यकार व सुप्रसिद्ध गीतकार केदार दुबे को उनके विशिष्ट साहित्यिक अवदान के लिए लोक साहित्य कला सम्मान से सम्मानित किया गया। महोत्सव के दौरान आयोजित गरिमामय समारोह में परिषद के पदाधिकारियों और गणमान्य अतिथियों ने साहित्य के क्षेत्र में दीर्घकालिक समर्पण और उत्कृष्ट सृजन के लिए श्री दुबे को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि, केदार दुबे ने अपनी रचनाओं और गीतों के माध्यम से क्षेत्रीय कला व संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी है। उनकी इस उपलब्धि पर बिल्हा क्षेत्र के साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों और आम जनमानस में हर्ष की लहर है।

### भक्तकर्मा माता जयंती में शामिल होंगे क्षेत्रवासी

**तखतपुर।** भक्तकर्मा माता जयंती का आयोजन 7 जनवरी को राजिम में किया गया है, जिसमें शामिल होने के लिए पुहूपराम, भारत, मनोज, रामचंद्र, बलराम, ओमप्रकाश, पिल्लूराम साहू, दिनेश, रामखिलावन, शिवा, शंकर लाल, रामकुमार सहित अन्य रवाना होंगे।

### विचार एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन 10 को

**तखतपुर।** प्रेमचंद हिंदी साहित्य समिति की ओर से मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर विचार एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन 10 जनवरी को दोपहर 3 बजे से निर्मला सदन पड़रिया रोड विद्यालय सभागार में आयोजित किया गया है। यह जानकारी नारायण प्रसाद पाली ने दी।

### दुकान संचालक के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** खम्हरिया निवासी गुलाब गिरी गोस्वामी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 5 जनवरी की सुबह 10 बजे वह अपने दुकान में बैठा था, तभी विजयपुर निवासी भोला श्रीवास वहां आया और पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब गुलाब ने मना किया तो भोला ने उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 296, 351,2 115,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# पाठ्य पुस्तक वितरण नहीं होने पर अफसरों को फटकार

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित बीआर साव शासकीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ–सफाई की स्थिति, कक्षाओं में अव्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न विषयों की पाठ्य-पुस्तकों का समुचित वितरण विद्यार्थियों को नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर ने संबंधितों को कड़ी फटकार लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी शिक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने विद्यालय में शौचालय एवं पेयजल की समस्या, टूटी खिड़कियां तथा बच्चों से साफ-सफाई कराए जाने की बात बताई। सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप प्राचार्य राजेन्द्र क्षत्री, प्रधान पाठिका शकुंतला राजपूत एवं व्याख्याता अनीता दीक्षित को विद्यालय में साफ–सफाई एवं व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त व्याख्याता दिनेश कुमार घोसले को पाठ्य–पुस्तकों का उचित एवं समय पर वितरण सुनिश्चित नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने, बेहतर प्रदर्शन करने एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने ग्रीष्मकालीन कक्षाओं एवं कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में निर्माणाधीन नए विज्ञान प्रयोगशाला की कार्य प्रगति का भी जायजा लिया एवं कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ अव्यवस्था व असुविधाओं को लेकर जताई नाराजगी



विद्यार्थियों से संवाद करते कलेक्टर।

# वित्तमंत्री चौधरी ने किया कैलेंडर का विमोचन



**बोदरी।** छग शासकीय निशक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने अपने निवास पर किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सीएम दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रवि पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश साहू, जिला अध्यक्ष रायपुर प्रीतम मानिकपुरी, जिला अध्यक्ष धमतरी घनश्याम साहू, विनय तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अभनपुर डॉ पंकज कदम, हेमलाल वर्मा, धर्मेन्द्र, रायपुर ब्लॉक अध्यक्ष लखन लाल दुबे उपस्थित रहे।

# प्रेम में परीक्षा नहीं प्रतीक्षा होनी चाहिएः आचार्य भूषण



**बेलतरा।** सोना देवी जायसवाल के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य भूषण कृष्ण महाराज ने भीष्म स्तुति व सुखदेव प्राकट्य का वर्णन विस्तार से किया।

उन्होंने कहा प्रेम में परीक्षा नहीं, बल्कि प्रतीक्षा होनी चाहिए। जैसे भगवान श्रीराम जब 14 वर्ष वनवास के लिए निकले तो भरत 14 वर्ष तक बड़े भाई के राज्याभिषेक के लिए प्रतीक्षा करते रहे। माता शबरी राम भगवान के आगमन के लिए वर्षों प्रतीक्षा में बैठी रहीं, अंतत उन्हें भगवान राम के दर्शन प्राप्त हुए। इसीलिए कहते हैं प्रेम में परीक्षा नहीं प्रतीक्षा होनी चाहिए। कथा के मुख्य अजमान अर्चना-अनिरुद्ध जायसवाल हैं। इस मौके पर श्रोता के रूप में गीता-अश्वनी जायसवाल, परमेश्वर जायसवाल, शीतल दास मानिकपुरी, तोषण कृष्णा श्रीवास, अरुण, अनुपम, अमित, आयुष, विक्की, अनिल, अनुपम, अनीता, सीमा, दिव्या, रश्मि, प्रीति, निकिता एवं समस्त जायसवाल परिवार मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 23 लाख स्वीकृत

## क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करना मेरा दायित्वः धर्मजीत



**तखतपुर।** विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल करते हुए विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने ग्राम निगारबंद से सूरीघाट होते हुए तखतपुर नगर को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित मार्ग के निर्माण हेतु 1 करोड़ 23 लाख 19 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

इस निर्णय से क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई है। यह मार्ग लंबे समय से क्षेत्र की एक ज्वलंत समस्या बना हुआ था। विशेषकर वर्षा ऋतु में सड़क की हालत अत्यंत दयनीय हो जाती थी, जिससे ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों और व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या को लेकर विधायक धर्मजीत सिंह से प्रत्यक्ष मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया था। जनभावनाओं को प्राथमिकता देते हुए विधायक ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित विभागों से समन्वय कर सड़क निर्माण की स्वीकृति सुनिश्चित की।सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात ग्राम निगारबंद, सूरीघाट सहित आसपास के गांवों का तखतपुर नगर से सीधा एवं सुलभ संपर्क स्थापित होगा। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। ग्रामीणों को जर्जर सड़क और कीचड़युक्त मार्ग से स्थायी मुक्ति मिलेगी, जिससे जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

### मार्कशीट गुमा

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं ज्योति पैकरा पिता सत्यपाल सिंह पैकरा निवासी- छोटे साल्ही, पो. पोड़ी बचरा खड़गवां, पोड़ी कोरिया की निवासी हूँ। यह कि मेरा BSC Nursing का Registration एवं Degree जो 2022 में उत्तीर्ण की हूँ दोनों कही रख रखाव के कारण कहीं गुम हो गया है। खोजने में भी नहीं मिल रहा है। अतः जिस किसी भी सज्जन को कहीं मिले कृपया निम्न नंबर पर संपर्क करें।

ज्योति पैकरा
पिता श्री सत्यपाल सिंह
निवासी- छोटे साल्ही,
पो. पोड़ी बचरा
खड़गवां, पोड़ी कोरिया
मो. 6260375299

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने रामेश्वर प्रसाद पिता राम जी साकिन निरतु पटवारी हल्का नंबर 31/53 रा.नि. पेण्डारी तहसील सकरी विकासखंड तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग के अंतर्गत स्थित उनके स्वत्व स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नंबर 1482/1 रकबा 0.22 एकड़ भूमि जोकि समस्त राजस्व अभिलेखो में विक्रेता के नाम पर दर्ज है जिसकी चौहददी उत्तर में छबिलाल संतोष वगै की भूमि दक्षिण में रामकुमार वगैरह की भूमि पूर्व में बिहारी पटेल की भूमि पश्चिम में मनोज सिंह की भूमि स्थित है को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना बतौर अग्रिम राशि प्रदान कर दी गयी है जिस संबध मे निकट भविष्य मे पंजीयन होना है।

यदि उक्त भूमि के संबध मे किसी संस्था, बैंक, कार्यालय अथवा व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 सात दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे विधिवत दस्तावेजो सहित प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखे अन्यथा समयावधि पश्चात प्रस्तुत की गयी आपत्ति मान्य नही होगी एवं मेरा पक्षकार इकरारशुदा भूमि का पंजीयन करा लेगा। सो सूचना जाने

भवदीय–मनोज अग्रवाल अधिवक्ता
नया सरकंडा शिव/शीतला माता मंदिर के पास मुक्तिधाम चौक बिलासपुर छ.ग.
मो. 9827151303

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मनोज सिंह ठाकुर पिता नारद सिंह ठाकुर साकिन निरतु पटवारी हल्का नंबर 31/53 रा.नि. पेण्डारी तहसील सकरी विकासखंड तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग के अंतर्गत स्थित उनके स्वत्व स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नंबर 1483/1 रकबा 0.31 एकड़ भूमि जोकि समस्त राजस्व अभिलेखो में विक्रेता के नाम पर दर्ज है जिसकी चौहददी उत्तर में बैसाखु की भूमि दक्षिण में बचन की भूमि पूर्व में विश्राम की भूमि पश्चिम में विशाल अजमानी की भूमि स्थित है को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना बतौर अग्रिम राशि प्रदान कर दी गयी है जिस संबध मे निकट भविष्य मे पंजीयन होना है।

यदि उक्त भूमि के संबध मे किसी संस्था, बैंक, कार्यालय अथवा व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 सात दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे विधिवत दस्तावेजो सहित प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखे अन्यथा समयावधि पश्चात प्रस्तुत की गयी आपत्ति मान्य नही होगी एवं मेरा पक्षकार इकरारशुदा भूमि का पंजीयन करा लेगा। सो सूचना जाने

भवदीय– मनोज अग्रवाल अधिवक्ता
नया सरकंडा शिव/शीतला माता मंदिर के पास मुक्तिधाम चौक बिलासपुर छ.ग.
मो 9827151303

### आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है की मौजा ग्राम हाफा प.ह.न. 0044. रा.नि. म. एवं तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 239 एवं 216 रकबा क्रमश 1. एकड़ 6. डी. एवं 14 डी. की भूमि स्वामी सतीश श्रीवास हारनरायण राजू श्रीवास ख.न. 239 रकबा 1. एकड़ 6. डी. भूमि स्वामी ख.न.– 239 रकबा 1. एकड़ 6. डी. भूमि स्वामी रजनीश तिवारी ख.न.– 216 रकबा 14. डी. भूमि स्वामी हरनरायण राजू श्रीवास सतीश श्रीवास है। जिनसे उल्लेखित सभी खसरा रकबा को भूमि को क्रेता / फॉर्म पामग्रीन इंफ्राविल्ड भागीदार एस आर साहू निवासी गीतांजलि हाउस अमेरी मार्ग नेहरू नगर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा क्रय किए जाने का पक्का सौदा किया गया है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक को उपरोक्त उल्लिखित भूमि के व भूमि विक्रेतागणों के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ती हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ती मय दस्तावेज सहित नीचे दिए गए पते पर आवश्यक रूप से उपस्थित होकर किया जावे। अन्यथा समयावधि पश्चात किए जाने वाले आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। तथा क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री करा लिया जावेगा। सो सुचना जाने।
दिनांक– 06.01.2026
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय/ क्रेता एस.आर. साहू**
**पता - गीतांजलि हाउस अमेरी**
**नेहरू नगर बिलासपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नंबर 8770033837**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिटटी
तहसील–बिलासपुर जिला–बिलासपुर छ.ग.

### सूचना

क्रमांक // सीमांकन / रा.नि./2025
दिनांक 22/12/25

आवेदक :– सरिता कनकने
आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1 नारायण उभरानी 2 लोकेश्वर सिंह 3 .मोहम्मद आरिफ 4 राजेंद्र कुमार वर्मा
विषय :– सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ :– न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क. / तह./ ना.तह./वा./25 बिलासपुर दिनांक 09/12/25

ग्राम ढेका प.ह.नं. 44 रा.नि.म. सिरगिटटी तहसील व जिला – बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 50/4 रकबा 0.020 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका सरिता कनकने पति. राजदीप कनकने निवासी जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 08.01.25 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल द्वारा अधिकृत व निर्देशित होकर उनके निर्देशो के आधार पर इस आम सूचना द्वारा सूचित करता हूँ कि मेरे मुवक्किल देवेश दीक्षित निवासी तिलक नगर बिलासपुर (छ.ग) के पिता रामचंद्र द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 24.09.1958 द्वारा मौजा जूना बिलासपुर स्थित आबादी भूमि खेवट न 202 से 1323 वर्गफुट भूमि विक्रेता बाबूलाल वल्द साहेबदीन काछी से क्रय कर पंजीयन दिनांक से काबिज होकर उक्त भूमि पर निर्मित दुकान "दीक्षित जर्दा एवं जनरल स्टोर" नाम से पुराना बस स्टैंड शर्मा लॉज के बाजू में संचालित है। यह कि मेरे पक्षकार की उपरोक्त वर्णित संपत्ति को कुछ भू–माफिया षडयंत्रपूर्वक फर्जी धानू उर्फ बाबूलाल, छोटू पिता बाबूलाल बनाकर नंबरी जमीन के रुप में खसरा में फर्जी प्रविष्टी (ख.न 480/1 शामिल 480/2, 481/4 रकबा 0.0160 हेक्टेयर) इंद्राज करवाकर विक्रय करने के फिराक में है, जबकि मौके पर उपलब्ध संपत्ति आबादी भूमि पर स्थित है जिस पर दुकान संचालित है। अत: सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की उपरोक्त वर्णित संपत्ति का संव्यवहार (क्रय–विक्रय) करने से पूर्णत: विरत रहे, अन्यथा कि स्थिति में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रथम सूचना प्राथिमिकी थाना सिविल लाईन बिलासपुर में दर्ज किया जावेगा। सो सूचना जाने। दिनांक :–05/01/2026
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय - सुनील कुमार सोनी**
**अधिवक्ता**
**आफिस - चौधरी ट्रेडर्स के बाजू में मसानगंज**
**बिलासपुर (छ.ग) मो.9907444893**

### शपथपत्र

मैं श्रीमती पूजा साहू आयु–39 वर्ष पति श्री हेमन्त कुमार साहू निवासी आशियाना होम्स इन फ्रंट ऑफ रवि रेसीडेन्सी नहर रोड मोपका बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ0ग0) की हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ

1. यह की मैं उपरोक्त नाम व् पते की निवासी हूँ मेरा आधार न 979196177949 है
2. यह कि मेरी शादी के पूर्व नाम सरोज साहू पिता सेवक राम साहू था, जो कि मेरी शादी सन 2010 में श्री हेमन्त कुमार साहू पिता देवप्रसाद साहू निवासी आशियाना होम्स इन फ्रंट ऑफ रवि रेसीडेन्सी नहर रोड मोपका बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के साथ सामाजिक रीति–रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुई है।
3. यह कि मैं विवाह के पूर्व में अपना नाम सरोज साहू लिखती थी, जो कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज हैं। उक्त दोनों नाम श्रीमती पूजा साहू एवं सरोज साहू एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम हैं। विवाह पूर्व मैंने भारतीय जीवन बीमा निगम से एक पालिसी जीवन सरल ली थी जिसका पालिसी न 358267412 है उक्त पालिसी के बांड पेपर में मेरा विवाह पूर्व वाला नाम सरोज साहू दर्ज है।
4. यह की शपथ पत्र मैं उक्त कथनों के समर्थन में भारतीय जीवन बीमा निगम के सम्बंधित शाखा में निष्पादित करती हूँ।

**शपथकर्ता- श्रीमती पूजा साहू**

### आम–सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.मं. सरकंडा तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित मकान खसरा नं. 241/8 रकबा 665 वर्गफीट एवं 241/7 रकबा 575 वर्गफीट है, जिस पर पक्का मकान सर्वसुविधा युक्त बना हुआ है, जो कि सतीश गंगवाने, उम्र 35 वर्ष, पिता श्री बसंता गंगवाने निवासी मरार गली, मगरपारा, बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व में है, उक्त मकान को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है, जिसकी अग्रिम बयाना राशि 10,00000/– (दस लाख रूपये) दी जा चुकी है एवं निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना तय है।

अत: उक्त मकान के संबध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय व निकाय को आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर वैध दस्तावेज लेकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

भवदीय
भैया लाल कौशिक
पिता–श्री देवनाथ कौशिक
ग्राम चिचिरदा सैदा जिला बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9755783777

### Public Notice

This is to inform general public that Shailesh Kumar Kashyap S/o Ramsharan Kashyap has purchased Diverted Land Part of Old Khasra No. 1203/1, New Khasra No. 1203/14, Area 0.020hec/ 0.05acr Situated at Mouja Tifra, P. H. No. 40, R.I.C. Bilaspur Tahsil & Dist. Bilaspur (C.G.) from Indrabhusan Chandranahu S/o Kondaram through registered sale deed Document No. 28407 Page 89 to 99 No. 1100, Dated 31.05.2016 and Shailesh Kumar Kashyap wants to avail loan facility from Piramal Finance Ltd.

As RR Receipt and Fifth Scal page of sale deed has been lost.

This is the general public notice regarding loss of RR Receipt and Fifth Seal page from the sale deed if any bank, financial institution, and other person have objection they can place there objection within 7 days from the newspaper publication afterwards all objection will be null and void

**Regards**
**Advocate D.K.Bajaj**
**7024053415**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार–2, बिलासपुर
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ: जिला बिलासपुर तहसील–बिलासपुर प.ह.न.–00035 मंगला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक– CT202526 400108100075

### ईश्तहार

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00035 के अंतर्गत ग्राम मंगला के वर्तमान भूमिस्वामी मनीष लाहोरानी पिता जेठानंद लाहोरानी पिता/पति–निवासी महामाया विहार पता–बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1338/26 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता बहोरिक पटेल पिता/पति–बेदराम पटेल पता–मंगला के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/01/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार–2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/12/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
PRAKRITI DHRUW बिलासपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक /क/अति.तह. / वाचक / 2025
बिलासपुर, दिनांक 12/12/2025
रा.प्र.क्रं .../ अ–6/2025–26
ग्राम–मंगला, प.ह.नं.–35

एतद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मौजा मंगला, प.ह.नं. 35, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 1398, 1400 में से रकबा क्रमश: 1975, 2000 वर्गफुट भूमि को आवेदक श्री राजकुमार यादव पिता श्री राजेन्द्र सिंह यादव निवासी शुभम विहार मुंगेली रोड़ बिलासपुर तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत खातेदार के फौत होने पर वयीयतनामा के आधार पर वाद भूमि का आवेदक के नाम पर नामातंरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति/दावा हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 21.01.2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति / दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसील, बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
– :: ईश्तहार ::–
राजस्व प्रकरण क्रमांक/57/अ–20(1)/ 2025–26
पक्कार – अब्दुल रफीक खां पिता–रहीम खां आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन .................अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक अब्दुल रफीक खां पिता रहीम खां निवासी जगमल चौक तोरवा बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वत:/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जूनी लाईन शीट नंबर 27 प्लाट नं. 89/1 रकबा 640 वर्गफुट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/03/1997 के लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्ट की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 15/01/2026 को स्वत: अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 02/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जा किया गया

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## महिला संगठन ने रोचक खेल का लिया आनंद, बांटे उपहार



**बिलासपुर।** संयुक्त महिला संगठन के द्वारा उषा हरीश शाह के चिचिरदा स्थित फार्म हाउस में नव वर्ष तथा सदस्यों के तीन महीनों के जन्मदिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्ष विद्या केडिया ने सभी को कैलेंडर नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह वर्ष हमारे देश तथा विश्व में शांति स्थापित करें सभी में विश्व बंधु एवं प्रेम का संबंध बने। इसके पश्चात सभी ने लकी गेम खेले तथा हौजी का आनंद लिया। जिन सदस्यों का भी तीन माह में जन्मदिन था उन्हें उपहार दिये गए। सभी के लिए हाई-टी की अच्छी व्यवस्था थी। इस अवसर पर कविता जाजोदिया, सीता सोंथालिया, उषा शाह, शिखा अग्रवाल जगदीश सलूजा, शशि आहूजा, जीत उपवेजा, रश्मि अग्रवाल, चंद्रकला अग्रवाल, माया अग्रवाल, कल्पना बुधौलिया आनंदी तिवारी, अनीता सोंथालिया रेनु अग्रवाल सुमन अग्रवाल, विमला मित्तल सावित्री अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, पुष्पा तायल, मधु मित्तल किरण अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, चन्दा मित्तल, सुधा गाडोदिया, ममता जाजोदिया, विमला निशानिया, आशा सुल्तानिया, अंशु अग्रवाल मधु बगाडिया रेखा सिंघानिया, बाला अग्रवाल, शिल्पी केडिया, पूनम श्रीवास्तव आदि उपस्थित थी।

कार्यक्रम

## सेनानी परिवार ने किया ध्वजवंदन स्मरण, प्रतिनिधियों का सम्मान



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा सेनानियों के प्रति माह स्मरण,ध्वजारोहण,संगोष्ठी कार्यक्रम पर नगर की महापौर पूजा विधानी ने कहा सेनानियों का साहस समाज का दर्पण है। आज की पीढ़ी को उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिये। मुझे ख़ुशी है देश व नगर को गढ़ने वालों के लिये हम एक कदम बढ़े है अभी भी बहुत कुछ करने की ज़रूरत है। सभापति विनोद सोनी ने कहा बचपन से ही रोपे गये देश भक्ति के बीज से पैदा होते है सेनानी मेरा सौभाग्य है नगर के सर्वाधिक सेनानियों की जन्म भूमि गोड़पारा में रहता हूँ। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने सफल संचालन एवं ज़िला अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये आभार प्रगट किया। बैठक में नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारी परिवार के सदस्य सर्व श्री डॉ शकुंतला जितपुरे,चन्द्र प्रकाश बाजपेयी,डॉ मधुलिका सिंह,डॉ उषा किरण बाजपेयी,इंदर टहलियानी,अशोक रंजन वर्मा,डॉ रश्मि जितपुरे सहित सेनानी परिवार उपस्थित रहे।

भ्रमण

## स्पेशल केयर सेंटर के बच्चों का ऊर्जा पार्क में पिकनिक एवं शैक्षणिक भ्रमण



**बिलासपुर।** श्री स्पेशल केयर सेंटर के कुल 35 बच्चों को लेकर हाल ही में ऊर्जा पार्क में एक आनंददायक एवं ज्ञानवर्धक पिकनिक का आयोजन किया गया। संस्था की संस्थापिका डॉ सुजाता बाजपेई ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्राकृतिक वातावरण से जोड़ना, उनका मनोरंजन करना एवं सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाना था। ऊर्जा पार्क पहुँचने पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने वहाँ आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों, विशेष रूप से मछली घर का अत्यंत आनंद लिया। रंग-बिरंगी मछलियों को देखकर बच्चे बहुत प्रसन्न हुए और उत्साहपूर्वक उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। खेलों के माध्यम से बच्चों में टीमवर्क, आत्मविश्वास और सहभागिता की भावना विकसित हुई। इस पिकनिक के दौरान श्री स्पेशल केयर सेंटर की शिक्षिकाएँ आरती मैडम, पदमा मैडम, नीमा मैडम, ज्योति मैडम, वर्षा मैडम, उमेश नवरंग सर उपस्थित रहे। संस्था की प्राचार्य शिवानी विठालकर के मार्गदर्शन में यह भ्रमण पूर्णतः सुरक्षित एवं सफल रहा। समस्त शिक्षकों ने बच्चों की देखभाल करते हुए उन्हें हर गतिविधि में प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम

## स्वयंसिद्धा फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों को किया स्वेटर वितरण




**बिलासपुर।** सहयोग फ़ाउंडेशन स्वयंसिद्धा फाउंडेशन ने सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला तारबहार स्कूल में स्वेटर वितरण किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को बड़ी संख्या में स्वेटर दिया गया। अध्यक्ष चंचल सालूजा ने बताया कि ठंड का पारा जिस प्रकार बढ रहा है, इससे छोटे बच्चे अधिक प्रभावित होते है,इसी का ध्यान रख संस्था द्वारा स्कूलों व स्लम एरिया में जाकर स्वेटर वितरित किया जा रहा है। मक़सद सिर्फ़ इतना नहीं कि बच्चों को ठंड से बचाया जाए,बल्कि उनके माता-पिता को ये एहसास कराना भी है कि शिक्षा ही वह रोशनी है जो उनके बच्चों की ज़िंदगी बदल सकती है।कार्यक्रम में अध्यक्ष चंचल सलूजा, किरण सिंह,पूजा तिवारी प्रधान पाठक तारबाहर ईश्वरी अय्यर, माधुरी निर्मलकर, शिखा रॉबिन्स, राजिम खुटले उपस्थित रहें।

# लोकगीत एवं गुजराती नृत्य ने बिखेरी छटा







तारबाहर स्थित उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में शैक्षणिक गरिमा, सांस्कृतिक चेतना एवं रचनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मंगलवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन शिवम निकेतन के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षार्थियों, आचार्य, कर्मचारियों एवं आमंत्रित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### शिवम निकेतन की शानदार प्रस्तुति से सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज़

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होते हैं, उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मंच के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक समरसता एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास होता है। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में इस प्रकार के कार्यक्रम भावी शिक्षकों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

महिला लोक नृत्य संबलपुरी नृत्य की सशक्त प्रस्तुति भारती ठाकुर, रूपप्रज्ञा, संजना, मल्लिका, ज्ञानदेवी, नैन्सी, अपर्णा, शिवकुमारी,



मनीषा एवं गायत्री द्वारा दी गई। गायन में अंजली साहू, प्रतिमा सिदार, नीता साहू एवं शोषण पाल मिज ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में श्री सुनील चीपड़े एवं अरुण भागे की गरिमामयी उपस्थिति रही। महाविद्यालय परिवार की प्राचार्य मीता मुखर्जी, सांस्कृतिक प्रभारी डॉ अजिता मिश्रा,बीएड प्रभारी प्रीति तिवारी,अंजना अग्रवाल, राजेन्द्र तिवारी, डॉ नीला चौधरी, करीम खान, डॉ. सलीम जावेद समेत समस्त आचार्यगण उपस्थित रहें।

### नृत्य, गीत व नाट्य मंचन

बांसुरी वादन की एकल प्रस्तुति प्रांजल महंत द्वारा दी गई, जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसके बाद नृत्य-नाटिका रामायण का मंचन किया गया, जिसमें सौरभ, खेमलता, अनिल कश्यप , राजेश्वर सिंह, देवकरण दास, सुरेंद्र देवांगन सहित हर्ष सिंह, अमित, योगेश, मनीषा, महिमा, नीता, शोषण पाल एवं सीतू सिंह ने प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया। ब्रज गीत की प्रस्तुति में अनिल कश्यप, गजेंद्र सिंह, राजकुमार जगत, तिलक प्रधान, मनोज कुमार, मनोज भोई, अनिल कुर्रे, गंगाराम एवं रमेश कौशिक शामिल रहे। लघु नाटिका 'वंदे मातरम' में सुजन महंत, तिलक प्रधान, खेमलता साहू, अनिल कश्यप, पवन सोनी, अमित, सीतू सिंह, अनिल कुर्रे एवं गुड़डी मिश्रा ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी।

## संकष्टी चतुर्थी पर गणेश मंदिरों में विशेष पूजा







### 643 भक्तों ने कराया अभिषेक

राममंदिर तिलकनगर में कुल 643 भक्तों ने संकष्टी चतुर्थी अभिषेक कराया। आज भगवान का श्रृंगार सन्मयी दुबे ने करवाया। चने के प्रसाद का वितरण मन्दा शेवालकर की ओर से किया गया। अभिषेक, पूजन का कार्यकम आचार्य मधुसूदन अड़वे, वेंकटेश पाटिल, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। अभिषेक हेतु रसीद कटवाने वाले भक्तों के लिए प्रसाद व्यवस्था पूर्ववत रहा। वर्ष 2026 में अभिषेक हेतु वार्षिक दक्षिणा 15 सौ एवं मासिक दक्षिणा 130 रूपए निर्धारित किया गया है।

### सिद्धि विनायक भगवान का दर्शन करने भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संकष्टी चतुर्थी पर मंगलवार को सरकंडा, राम मंदिर तिलकनगर एवं रेल्वे स्थित गणेश मंदिर में सिद्धि विनायक भगवान की विशेष पूजा कर अभिषेक किया गया। भगवान का दर्शन, पूजन करने श्रद्धालु, भक्तों की भी भारी भीड़ रही।

संकष्टी चतुर्थी का विशेष महत्व होता है। इसी महत्ता के चलते कई महिलाओं ने अपने संतान की लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना से निर्जला व्रत रखा एवं शाम के समय भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा की। साथ ही कथा भी सुनी। रात में चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद जल ग्रहण कर व्रत पूरा की। इस दिन भगवान को गुड़ और तिल से बने लड्डु, शकरकंद और मौसमी फलों का भोग लगाने का विधान है।

### अभिषेक कर की गई सहस्त्रनाम अर्चना

सुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में संकष्टी चतुर्थी की पूजा सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक गणपति हवन किया गया। सुबह साढ़े 7 से 9 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। 9 से साढ़े 10 बजे तक श्रद्धालु, भक्तों ने दर्शन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं शाम 6 से साढ़े 7 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। साढ़े 7 से रात्रि 10 बजे तक भक्तों ने भगवान का दर्शन किया। प्रसाद वितरण किया गया। संकट चतुर्थी को मंगलवार का दिन होने के कारण इसे अंगारिका चतुर्थी भी कहा जाता है।

## रामसेतु में हनुमान चालीसा, राम स्तुति का सामूहिक महापाठ

**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रों ने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर रामसेतु चौक सरकंडा में इस माह के प्रथम मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा एवं श्रीराम स्तुति का सामूहिक महापाठ किया। महाआरती के बाद पोहा, जलेबी भोग प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रति माह के पहले मंगलवार को होने वाले इस आयोजन को लेकर लोगों की आस्था बढ़ती जा रही है। हर माह लोग इस आयोजन में अपनी उपस्थिति देकर भगवान हनुमान के प्रति अपनी आस्था जता रहे हैं। जनवरी माह के इस मंगलवार के सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में लोगों की भारी उपस्थिति रही। शहर के कुछ विशिष्ट लोग भी शामिल होकर महाआरती की एवं भोग, प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम का 38 वां आयोजन था।





### इनकी रही सहभागिता

नगर पुलिस अधीक्षक निमितेश सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर शहर जिला वैभव गुप्ता, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण जिला ऋषभ चतुर्वेदी, मुशर्रफ खान जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण जिला ने भक्तजनों के साथ इस आयोजन में हिस्सा लिया। समिति के सदस्यों ने इनका प्रशस्ति पत्र, रामपट्टा पहनाकर एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। जिसे धूमधाम से श्री हनुमान सेवा समिति के सदस्यों ने संपन्न किया।

स्पोर्ट्स न्यूज

## तारिक़ शारिक़ इलेवन भोपाल ने केजीएफ बिलासपुर को 63 रनों से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्व ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता बिलासपुर जिला खेल परिसर मैदान में चल रही है। प्रतियोगिता के 9वें दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच केजीएफ बिलासपुर और तारिक शारिक भोपाल के बीच खेला गया।

इस मैच के अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष,बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक एवं क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र स्वन्नी रहे। सभी अतिथियों ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। टॉस जीतकर तारिक शारिक भोपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी तारिक शारिक भोपाल की टीम ने निर्धारित 10 ओवर 127 रन बनाकर आल आउट हो गई। तारिक़ शारिक भोपाल की ओर से बल्लेबाज अनस अली ने शानदार 76 रन बनाए। केजीएफ इलेवन बिलासपुर के गेंदबाज सहज बाली ने सर्वाधिक 4 विकेट अर्जित किए। 10 ओवरों में 128 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केजीएफ इलेवन की टीम 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 65 रन ही बना सकी। इस प्रकार तारिक़ शारिक इलेवन भोपाल की टीम ने यह मैच 63 रनों से जीत लिया। तारिक़ शारिक इलेवन के खिलाड़ी अनस अली को उनके 23 गेंदों में 76 रनों की आतिशीपारी के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया।

### तीन मैच खेले गए

दूसरा मैच तारिक़ शारिक इलेवन भोपाल और धमतरी इलेवन के मध्य खेला गया। इस मैच के अतिथि के रूप में अतिरिक्त कलेक्टर ज्योति पटेल, ज्वाइंट कलेक्टर आनंदरूप तिवारी, अतिरिक्त ड्रग कंट्रोलर रविन्द्र गेंदले, ओपी चंद्रवंशी,और कमल कश्यप उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। तारिक़ शारिक भोपाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने तारिक शरीक भोपाल की टीम ने निर्धारित 10वें ओवर में 63 रन बनाकर सिमट गई। 64 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी धमतरी इलेवन की टीम 10 ओवर मे 9विकेट खोकर मात्र 40 रन ही बना पायी और तारिक शारिक़ इलेवन ने यह मैच 23 रनों से जीत लिया लिया। तारिक़ शारिक़ भोपाल के गेंदबाज सुशांत को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। तीसरा मैच तारिक़ शारिक़ इलेवन भोपाल और बालाजी इलेवन भिलाई के मध्य खेला गया। इस मैच के अतिथि डॉ प्रमोद तिवारी, डॉ जिग्नेश पंड्या, डॉ मनोज चौकसे, डॉ अभिषेक शर्मा,डॉ अजय पाण्डेय, डॉ विनोद पटेल रहे।

## ताइक्वांडो में 24 खिलाड़ियों ने जीते 15 पदक



प्रथम दिशोंम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल ट्राफी राष्ट्रीय महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता बोकारों झारखंड में छत्तीसगढ़ की 24 खिलाड़ियों प्रदर्शन कर 15 पदक अपने नाम किए। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं झारखण्ड ताइक्वांडो संघ के सयुंक्त तत्वाधान में राज्य की 24 महिला खिलाड़ियों ने सहभागिता कर राज्य का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक हासिल किए, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने कठिन परिश्रम,अनुशासन और खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन पदकों में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक शामिल हैं। ये सभी खिलाडी जिले से है और पुलिस स्टेडियम ताइक्वांडो क्लब एवं गजानन ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ी है। प्रिंसी सिंह स्वर्ण पदक,अल्बिना शकील स्वर्ण पदक, नेहल सकट, स्वर्ण पदक, कशफ़ शकील स्वर्ण, पदक, अव्या द्विवेदी रजत पदक, वान्या श्रीवास रजत पदक, शुभ्रा कश्यप रजत पदक, प्रकृति जांगड़े रजत पदक, अनुष्का चौकसे रजत पदक, रिया पांडे सहित अन्य खिलाड़ियों ने 15 पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य तीसरे स्थान प्राप्त किया। संघ के मुख्य संरक्षक धरम लाल कौशिक, अध्यक्ष मनोज भिवगड़े, कार्यकारी अध्यक्ष रामदेव कुमावत एवं सम्माननीय पदाधिकारियों ने सभी पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### नशेड़ियों ने किया चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पत्थरबाजी करने से मना करने पर नशेड़ियों ने उपद्रव मचाते हुए तीन लोगों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, 5 जनवरी को गणेशनगर नयापारा निवासी भागीरथी पाठक के घर के पास अनीश, सुन्दर एवं उसके साथी शराब के नशे में उनके घर में पथराव कर दिया। भागीरथी पाठक, उनका बेटा लक्ष्मी प्रसाद पाठक, बहू पूजा पाठक ने घर बाहर निकलकर पत्थरबाजी करने से मना किया। इस पर नशेड़ियों ने लाठी से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। तीनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित भागीरथी की बेटी सुनीता पाण्डेय की रिपोर्ट पर हमलावर अनिश, सुन्दर एवं उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 4, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि दो दिन पहले सिरगिट्टी पुलिस के द्वारा गणेशनगर में अभियान चलाकर नशेड़ियों की धरपकड़कर जमकर खातिरदारी की गई थी। उसके बाद भी नशेड़ियों के हौंसले बुलंद हैं।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उनकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, जोरापारा निवासी राजेन्द्र चंद्रवंशी पिता राघवराम चंद्रवंशी 53 साल मंगलवार की सुबह 11 बजे बाइक में सवार होकर जा रहे थे। लिंगियाडीह सूर्या चौक के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राजेन्द्र चंद्रवंशी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक ने दुर्घटना की सूचना पुलिस का दी और घायल श्री चंद्रवंशी को इलाज के लिए सिम्स भेजा गया। इधर इलाज के दौरान श्री चंद्रवंशी की मौत हो गई। पुलिस ने कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से मृत मां बेटी की हुई पहचान

**बिलसपुर।** बाइक की टक्कर से मृत मां बेटी की पहचान हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।
ज्ञात हो कि सोमवार की शाम 7 बजे कोटा मोड़ के पास आमने सामने दो बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने से दो लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों का शव जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रखवा दिया गया था। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, दोनों मृतकों की पहचान हो गई है। मृतका उर्मिला मनहर पति सुमेंद्र मनहर 35 साल अमोरा जरहागांव निवासी व उनकी बेटी मान्यता मनहर 4 साल के रूप में पहचान की गई है। मृतका अपनी बेटी के साथ पहने मायक परसदा आई हुई थी। सोमवार को वह रिश्तेदार के साथ बाइक में बैठकर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक क्रमांक ओडी 01 एएस, 7268 के चालक ने टक्कर मार दिया था। पुलिस ने मां बेटी के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

## हाईकोर्ट

### शिक्षा सचिव और मुख्य सचिव से मांगा शपथ पत्र, 9 जनवरी को सुनवाई

# बच्चों को कुत्ते ने काटा, हाईकोर्ट ने सुरक्षा पर मांगा सरकार से जवाब, इधर 452 स्कूलों में बाउंड्री वाल तक नहीं


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में बड़ी संख्या में स्कूल आज भी बाउंड्रीवाल के बिना संचालित हो रहे हैं। जिले में कुल 1113 प्राइमरी और 504 मिडिल स्कूल हैं। इनमें से 452 प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में वर्षों से बाउंड्रीवाल नहीं है। वहीं 226 हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में से 43 स्कूल बाउंड्रीवाल विहीन हैं।

इस मामले में डोईनो विजय टांडे ने सभी स्कूलों से जानकारी मंगाई है, जिसे शासन को भेजा जाएगा। दूसरी ओर स्कूल परिसर में घुसकर आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों को काटा जा रहा है। सरकार द्वारा इस बारे में कई गाइडलाइन बनाई गई और नियम बनाए गए लेकिन इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है। हाईकोर्ट ने दोनों ही मामलों पर संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने शिक्षा सचिव को व्यक्तिगत शपथ पत्र देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि बच्चों की सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 9 जनवरी को होगी। ध्यान रहे कि बिलासपुर के खमतराई के प्राइमरी स्कूल में आवारा कुत्ते घुस गए थे। इन कुत्तों ने पहले एक छात्र को अपना शिकार बनाया, बल्कि उसे बचाने आई दो शिक्षिकाओं को भी बुरी तरह काट लिया था। इसी तरह सोमवार को सकरी मीडिल स्कूल के तीन छात्र-छात्राओं को कुत्ते ने काट लिया। इससे बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के सचिव को अगली सुनवाई तक अपना व्यक्तिगत शपथ पत्र देने को कहा है। सरकार को बताना होगा कि स्कूलों में ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। इसके अलावा मुख्य सचिव को भी पिछली सुनवाई के आदेशों के पालन में नया शपथ पत्र देने को कहा गया है।

■ एक सप्ताह में सकरी मीडिल और खमतराई प्राइमरी स्कूल में हुई दुर्घटना

### सकरी स्कूल में सुरक्षा के इंतजाम नहीं



हरिभूमि ने सकरी मीडिल स्कूल का जायजा लिया तो पाया कि यहां सुरक्षा के बिलकुल इंतजाम नहीं है। परिसर में बाउंड्री नहीं है और मेन गेट हमेशा खुला रहता है। दरअसल सकरी मुख्य मार्ग पर स्थित इस स्कूल के साथ ही एक कालेज भी लगाया जाता है। कालेज सड़क पर है तो उसके बाद स्कूल परिसर संचालित होता है। कालेज पूरा ओपन है और इक्का दुक्का कमरो में चल रहा है। स्कूल की हेडमास्टर गायत्री सिंह ने बताया कि कुत्ता काटने की घटना स्कूल परिसर में नहीं बल्कि इससे बाहर सड़क और कालेज परिसर में हुई है। इसके बाद भी बच्ची हमारी है इसलिए जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। पूरी कोशिश है कि दुबारा इस तरह की घटना नहीं हो। स्कूल परिसर में कब्जा भी और कुछ स्थानीय लोगों ने कच्चे घर भी बना लिए हैं। इन्हें हटाने की गंभीर कोशिश नहीं की गई।

**प्राचार्यों से जवाब मांगा गया है**

सभी स्कूलों में बाउंड्रीवाल बनाने कहा गया है। जहां इसका पालन नहीं किया गया है उन प्राचार्यों से जवाब मांगा गया है। स्कूल परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने और छात्रों की सुरक्षा पुख्ता करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

- **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

### अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता

मंगलवार को तखतपुर बीईओ रामेश्वर बैरागी भी जांच के लिए स्कूल पहुंचे। शिक्षकों के साथ ही बच्चों से बयान लेते हुए शिक्षा विभाग को सौंपा गया। डीईओ विजय तांडे ने हाईकोर्ट के संज्ञान के बाद जवाब भी पेश किया है। अधिकारी दिन भर हाईकोर्ट की दौड़ लगाते देखे गए। हरिभूमि ने स्कूल में पाया कि बाउंड्रीवाल दो तरफ से टूटी हुई है। इसी वजह से मवेशी और आवारा कुत्ते कई बार स्कूल परिसर में घुस जाते हैं। इसके साथ ही स्कूल में पदस्थ स्वीपर कुत्तों को बिस्किट खिलाने के नाम पर साथ ले आती है। इससे भी इस तरह की दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। घटना के बाद से अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गई है। स्कूल के शिक्षकों का कहना है कि जानवरों को खदेड़ने के लिए न तो सुरक्षा गार्ड हैं और नहीं डंडे। जब बच्चे मध्यान्ह भोजन के लिए आते हैं, तब जूठन के लालच में जानवर आपस में भिड़ जाते हैं। इसके अलावा आवारा कुत्ते किचन शेड के पास ही डेरा जमाए रहते हैं, जिससे रसोइयों में भी यहशत है।



मोपका के सब स्टेशन में लगी आग को बुझाने कर्मचारी।

*मोपका के कुटीपारा स्थित 220 केवी सबस्टेशन में लगी आग*

**6 दमकल के सहारे आग पर पाया गया काबू**

**5 किमी दूर से दिख रही थी आग की लपटें**

# हाई वोल्टेज से ट्रांसफार्मर फटा, 100 लीटर आयल से 6 घंटे तक जलती रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका स्थित 220 केवी सबस्टेशन में मंगलवार की दोपहर 160 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग इतनी भयकंर थी कि 5 किमी दूर से भी लपटें और धुंए के गुबार देखे जा सकते थे। प्रारंभिक पड़ताल में यह बात सामने आई है कि ट्रांसफार्मर का बुश हाई वोल्टेज दबाव को सहन नहीं कर सका और ट्रांसफार्मर से निकलने वाले ऑयल में चिंगारी पकड़ने के बाद आग लगी है। दोपहर 2 बजे हुई इस घटना के बाद आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया और करीब ढाई बजे फायर बिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन ऑयल के कारण करीब 6 घंटे तक धूं-धूं कर ट्रांसफार्मर जलता रहा और आग की लपटों को देख लोग थर्रा उठे।

मोपका चौकी क्षेत्र के कुटीपारा इलाके में उस समय हड़कंप मच गया है जब यहां स्थित 220 केवी के सबस्टेशन से लोगों ने भयंकर आग की लपटें देखी। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर के ब्लास्ट होने की आवाज आने के बाद आपरेटर दौड़कर बाहर निकले, इस दौरान तक ट्रांसफार्मर पर आग पकड़ चुकी थी और लपटें फैलने लगी थी। दरअसल लोड बढ़ने के बाद अचानक ट्रांसफार्मर में हाई वोल्टेज करंट दौड़ गया और चिंगारी निकलने लगी। चिंगारी के कारण ही ट्रांसफार्मर में रखे 100 लीटर ऑयल में आग लग गई। लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को अलर्ट किया गया। मौके पर 6 से अधिक दमकल भेजे गए हैं, वहीं जिला प्रशासन, बिजली विभाग और पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है। देर रात तक आग पर काबू पाने के लिए प्रयास किए जाते रहे, लेकिन ऑयल इतना ज्यादा था कि दमकम का पानी भी आग बुझाने में नाकाफी साबित रहा, 220 केवी के ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट के बाद तिफरा, बिरकोना, शनिचरी जैसे 33 और 132 केवी सबस्टेशन भी ब्रेक डाउन हो गए और आधे शहर में बिजली सप्लाई ठप रही। करीब डेढ़ घंटे बाद सप्लाई नार्मल हो सकी।



आग लगने के कारणों की जानकारी लेने पहुंचे अफसर।

### नहीं होता है मेंटनेंस

बिजली विभाग के ज्यादातर सबस्टेशनों में मेंटनेंस के नाम पर महज खानापूर्ति की जाती है। अधिकारियों का कार्यालयीन दबाव इतना ज्यादा हो चुका है कि मेंटनेंस के कार्य लंबित रहते हैं। वहीं बड़े ट्रांसफार्मरों को लगाए साल बीत चुके है, लेकिन पुराने हो चुके इन ट्रांसफार्मरों को समय रहते नहीं बदला जाता है, जिससे चलते आए दिन घटनाएं होती है। वर्तमान में ठंड का सीजन है ऐसे में दबाव कम है लेकिन इसके बाद भी मेंटनेंस करने में बिजली विभाग सुस्त रवैया अपनाता है।

### तेल लीक होने से लगी आग

वोल्टेज बढ़ने के कारण बूस फटने से तेल लीक हो गया था, शायद इसलिए आग बेकाबू हो गया था। हमने समय रहते ही सप्लाई नार्मल की है लेकिन तेल ज्यादा होने के कारण आग बुझाने में समय लगा है।

-**कल्पना गाटे**, अधीक्षण यंत्री

### ठेका प्रथा बन रही है परेशानी का सबब

सबस्टेशन में आपरेटर भर्ती, रखरखाव व सामान सप्लाई करने का जिम्मा ठेका कंपनियों को दे दिया जाता है, ठेकेदार द्वारा महज 8 से 10 हजार रूपए में कर्मचारी रखा जाता है, जिसे प्रशिक्षण भी प्राप्त नहीं होता है, ऐसे में आपातकालीन स्थिति में होने वाले नुकसान बिजली कंपनी को हो रहा है। इसके साथ ही ठेकेदारों के द्वारा मूलभूत रखरखाव नहीं किया जा रहा है। जहां मेंटनेंस किया जा रहा है वहां भी सामानों की क्वालिटी गुणवत्तापूर्ण नहीं होती है, जिसके चलते आएं दिन ट्रांसफार्मर के खराब होने की नौबत आती है।

### राजकिशोर और मोपका में 6 घंटे बाद सप्लाई

बताया जा रहा है कि दोपहर 2 बजे से बंद बिजली करीब 3.30 बजे तक नार्मल हो सकी, इस दौरान तिफराऔर बिरकोना सबस्टेशन से सप्लाई बढ़ाई गई, लेकिन राजकिशोर नगर, सरकंडा, मोपका और आसपास के क्षेत्रों में शाम के बाद ही बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। बताया जा रहा है कि 7.20 के करीब इन क्षेत्रों में बिजली पहुंच सकी।

**एटीआर में हवाई फायर का मामला**

# पहले भी गाड़ी लेकर सुरही बेरियर जाते थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन के दूसरे रास्ते यानि लोरमी से जाकड़बांध होते हुए सुरही जाने वाले बेरियर में आरोपी पहले भी अपनी गाड़ी लेकर पहुंचते थे, जिन्हें देखते ही बेरियर गार्ड गेट खोल देता था। इसकी जानकारी प्रबंधन को भी थी, लेकिन सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद केवल खानापूर्ति की कार्रवाई आरोपियों के खिलाफ की गई।

एटीआर प्रबंधन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित जोन से लगे क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर हथियार लहराने की गंभीर घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से संबंधित बैरियर गार्ड को कार्य से पृथक कर दिया और संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 27, 29, 38, 39, 50 एवं 51 के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए चार में से तीन आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया है।



### सभी वाहनों की जांच शुरु

अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र में भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए बैरियर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। स्थानीय निवासियों सहित सभी वाहनों की कड़ी जांच के निर्देश पुनः जारी किए गए हैं। सुरही एवं लोरमी बफर परिक्षेत्र अंतर्गत 14 ग्रामों में जहां स्थानीय निवासियों एवं उनके परिजनों का निजी वाहनों से आवागमन होता है, वहां इको डेवलपमेंट कमेटी के माध्यम से बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

### वायरल वीडियो में सबकुछ

जिस गाड़ी से तीनों युवक टाइगर रिजर्व में घुसे थे, वह भी यहां आते रहे हैं। यह भी प्रसारित वीडियो में समझा जा सकता है। दरअसल जैसे ही युवक सुरही रेंज के गेट पर पहुंचते हैं, बैरियर गार्ड गेट खोल देता है। नियमों पर गौर करें तो कोई भी अंजान व्यक्ति भीतर एंट्री नहीं कर सकता। एयरगन लिए बेखौफ अंदर घुसे और फायरिंग भी की।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

### हथियारों को भेजा गया रायपुर

आरोपियों के कब्जे से जब्त किए गए हथियारों को कैलिबर निर्धारण एवं बैलेस्टिक परीक्षण हेतु राज्य फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, रायपुर भेजा गया है। बैलिस्टिक रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत हथियारों की लाइसेंस वैधता तथा आयुध अधिनियम 1959 एवं भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत आगे कार्रवाई के लिए एसपी मुंगेली से मार्गदर्शन लिया जा रहा है। इसके साथ ही जब्त किए गए वाहन को राजसात करने की कार्रवाई भी शुरु कर दी गई है। वीडियो में दिखाए गए हथियों में एक बंदूक भी अब तक प्रबंधन को प्राप्त नहीं हो सका है, जिसके लिए सर्च वारंट जारी किया गया है। इसमें मुख्य रूप से डॉग स्क्वायड की भी सहायता ली जा रही है।

### पैरोल में छूटने के बाद कैदी फरार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पैरोल में छूटने के बाद कैदा फरार हो गया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सारंगढ़ केडार बरमांठा निवासी अनुज जांगड़े पिता दिलेश्वर जांगड़े 25 साल को कोर्ट से पाक्सो एक्ट के मामले में 20 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। 4 अगस्त 2024 को उपजेल सारंगढ़ से स्थानांतरण में केंद्रीय जेल में आकर सजा काट रहा था। 6 दिसंबर 2025 को उसे पैरोल में जेल से छोड़ा गया था। उक्त कैदी को 21 दिसंबर को शाम 5 बजे के पूर्व जेल वापस आना था। वह जेल नहीं लौटा।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### न्यू ईयर पार्टी में आईटीआई के शिक्षकों ने लगाए ठुमके, कार्रवाई की मांग

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी में न्यू ईयर पार्टी को लेकर विवाद छिड़ गया है। न्यू ईयर पार्टी में आईटीआई के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा गानों पर ठुमके लगाए पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने क्लास बंद कर जश्न मनाए जाने का आरोप लगाया है और आईटीआई प्रिंसीपल से मिलकर कार्रवाई की मांग की गई है।

आईटीआई कोनी के एनएसयूआई से जुड़े छात्रों और कार्यकर्ताओं ने आईटीआई परिसर में नए साल के जश्न के नाम पर हुए कार्यक्रम को लेकर विरोध जताते हुए प्रिंसिपल से लिखित शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि 2 जनवरी को कक्षाएं अचानक बंद कर छात्रों को छुट्टी दे दी गई, जबकि उसी दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों ने परिसर भीतर ही न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया। पार्टी के दौरान तेज आवाज में गाने बजाए गए और डांस किया गया, जिससे हास्टल और कक्षाओं में पढ़ाई कर रहे छात्रों की तैयारी पर सीधा असर पड़ा।छात्रों ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर नंबर और हाजिरी का दबाव बना रहता है इसलिए अधिकांश छात्र खुलकर बोलने से डरते हैं। अभिभावकों ने भी इस पूरे मामले को अनुशासनहीनता बताते हुए कहा है कि जहां संस्थान में बच्चों को अनुशासन सिखाया जाना चाहिए, वहां शिक्षक खुद नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

#### ज्ञापन सौंपा गया है

एनएसयूआई द्वारा न्यू ईयर पार्टी को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। आईटीआई में क्लास बंद नहीं किया गया था और न्यू ईयर में गेट टू गेदर कार्यक्रम आईटीआई स्टाफ द्वारा आपस में चंदा करके हर साल रखा जाता है। यह एक तरह से स्टाफ द्वारा आपस में मेलजोल के लिए किया जाता है।

-**दिलीप तिवारी**
प्रभारी प्रिंसीपल, आईटीआई कोनी

online Booking:-www.tripuryatra.com
मात्र 18,500/-
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
10 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री तुंगनाथ महादेव, श्री त्रियोगीनारायण
20 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 18 मई, 27 मई, 30 मई, 04 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 18,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### शाकंभरी जयंती कार्यक्रम में जसगीत की प्रस्तुति



**तखतपुर।** पटेल समाज द्वारा मौहाभाठा में तीन दिवसीय शाकंभरी जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास की जसगीत मंडलियों ने जसगीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर चित्ररेखा, मनीष जांगड़े, टेमन साहू, गोपू गोस्वामी, पुनाराम, जुठेल, ढेलऊराम, हेमंत, पिल्लूराम, चंद्रप्रकाश, रोहित, परस, शोभाराम, गोपाल, फुल सिंह, सीताराम, गीताराम, अनुराग पटेल सहित अन्य शामिल हुए।

### उचित मूल्य की दुकान पर मना चावल उत्सव



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर जिले के निकटस्थ ग्राम कोदवाबानी में उचित मूल्य की दुकान पर रजत जयंती चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे, भाजपा नेता अरविन्द सिंह राजपूत, डॉ सुरेश ठाकुर, नर्मदा सिंह राजपूत, विक्रेता कुलदीप सिंह राजपूत, ईश्वर जायसवाल, ईशवन मंगेशकर, बलदाऊ सिंह सहित अन्य स्थानीय व हितग्राहियों उपस्थित हुए।

### 5 वार्डों में 5.86 करोड़ से बन रहे सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम



**लोरमी।** नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों को अंतिम संस्कार के समय होने वाली असुविधाओं से राहत दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और संवेदनशील पहल की गई है। उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव के विशेष प्रयासों से लोरमी नगर के 5 वार्डों में कुल 5.86 करोड़ की लागत से आधुनिक, सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधामों का निर्माण, विस्तार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मुक्तिधामों की बदहाल स्थिति, मूलभूत सुविधाओं के अभाव और सीमित स्थान को लेकर नगरवासियों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी, जिसको प्रथमिकता देते हुए श्री साव ने नगरीय प्रशासन विभाग से इन कार्यों के लिए पर्याप्त बजट स्वीकृत कराया।

### आर्ट ऑफ लिविंग का जूनियर इन्ट्यूशन प्रोग्राम



**लोरमी।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से आयोजित जूनियर इनट्यूशन प्रोग्राम संपन्न हुआ। इस आयोजन में 5 से 8 वर्ष के बच्चों ने खेल व कुछ साधारण योग व मेडिटेशन के माध्यम से इनट्यूशन को बढ़ाया। आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका लीना छाबड़ा व हरजिंदर छाबड़ा ने इसका प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ने बताया कि, बच्चे आंख में पट्टी बांधकर कलर बता रहे हैं, पेंटिंग कर रहे हैं, नोट का नंबर बता रहे हैं, नोट पहचान रहे हैं, साथ ही अन्य गतिविधियां कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि, निरंतर अभ्यास करते-करते बच्चों का इनट्यूशन और अधिक बढ़ेगा। इनट्यूशन प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों के अंदर अज्ञात भय का डर दूर होता है एवं पढ़ाई की क्षमता बौद्धिक स्तर पर और बढ़ती है। सही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है।

### महिला कांग्रेस ने किया सिंहदेव रुद्र गुरु का स्वागत



**लोरमी।** महिला कांग्रेस की महा सचिव मायारानी सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने तहसील चौक लोरमी में प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं पूर्व मंत्री रुद्र गुरू का आतिशी स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत होकर श्री सिंहदेव ने कहा कि, आप सभी इतनी बड़ी संख्या में मेरे स्वागत के लिए पहुंचे, इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। इसी तरह हमेशा अपना स्नेह बनाए रखें। इस अवसर पर महिला कांग्रेस के महा सचिव मायारानी सिंह, लता रानी वैष्णव, सविता पाठक, हेमीन मंगेशकर, बिंदु यादव सहित बडी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।


### शासन की गाइडलाइन का उल्लंघन कर रही निर्माण एजेंसी

# मरम्मत के सप्ताह भर बाद ही उखड़ी ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विकास खंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाली सड़कें अनियमितता की भेंट चढ़ रही हैं। विभाग की उदासीनता के कारण निर्माण एजेंसियां शासन की गाइडलाइन का खुला उल्लंघन कर रही हैं। सड़क निर्माण में इस कदर अनियमितता बरती जा रही है कि, करोड़ो की सड़क दो माह भी नही टिक रही है।

मामला ब्लॉक मुख्यालय से पांच किमी दूर सिलतरा-भठली-जोता मार्ग का है, जहां तीन करोड़ की लागत से निर्मित सड़क बनने के लगभग दो-तीन माह में ही उखड़ गई। मामले में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का भी कई असर नहीं हुआ, वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारी भी जांच कर निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं। उपरोक्त आरोप लागते हुए सिलतरा के जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत पथरिया के सभापति जगदीश वर्मा ने कहा कि, दर्जभर ग्रामीण क्षेत्रों को मुंगेली मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए बन रही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के घटिया निर्माण के कारण शासन को करोड़ों की चपत लग रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि, सम्बन्धित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे।



#### विधायक की तल्खी के बाद सुधार

क्षेत्र के युवा भाजपा नेता टीकाराम वर्मा, सहकारी समिति अध्यक्ष हरबंश वर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने खराब निर्माण की जानकारी क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कैशिक को दी। इस पर विभाग को फटकार लगाते हुए मरम्मत करने को कहा गया। इसके बाद ठेकेदार ने मरम्मत का कार्य किया, लेकिन वो भी एक सप्ताह नहीं चला, और सड़क फिर से उखड़ने लगी। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि, ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं हुई तो मुंगेली मार्ग पर चक्काजाम कर आंदोलन करेंगे।

#### नाम मात्र का डामर

निर्माण एजेंसी ने सड़क निर्माण के बाद उसके ऊपर जो डामर डाला, उसकी लेयर इतनी पतली है कि, कुछ माह में ही उखड़ कर धूल में बदल गई। जबकि निर्माण कार्य की रूपरेखा के अनुसार डामर की परत मोटी होनी थी। ठेकेदार विभाग के किसी भी नियम का पालन नहीं कर रहे। यहां तक कि, सूचना बोर्ड भी नही लगाया गया, जो निर्माण संबंधी सूचना छुपाने का प्रयास माना जा रहा है।

#### कार्रवाई की जाएगी

सड़क के खराब होने की जानकारी मिली है। सड़क निर्माण की जांच करवाता हूं। गलती मिली तो कार्रवाई भी की जाएगी।

**- पी सूर्यवंशी,** ई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मुंगेली

## मछली मारने के लिए खाली कराया तालाब अब तक सूखा



लोरमी। समीपस्थ ग्राम लगरा के ग्रामीण पिछले दो महीने से निस्तारी की समस्या से जूझ रहे हैं, यहां के तालाब को मछली मारने के लिए खाली कराया गया था, लेकिन काम हो जाने के बाद तालाब में पानी भरने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने निस्तारी की समस्या दूर करने हेतु तालाब में तत्काल पानी भरने की मांग की है।

■ पानी नहीं होने से निस्तारी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

ग्राम पंचायत लगरा का मुख्य तालाब पिछले दो महीने से सूखा पड़ा हुआ है। आधे गांव की आबादी इस तालाब के पानी से निस्तारी करती है, लेकिन तालाब में पानी नहीं होने से ग्रामीणों को भारी समस्या हो रही है। दरअसल 2 महीने पहले ठेकेदार ने तालाब से मछली निकालने के लिए तालाब को खाली कराया था, तालाब से मछली निकालने के बाद उक्त तालाब में फिर से पानी भरने के लिए ठेकेदार ने ध्यान ही नहीं दिया, जिसके चलते पिछले 2 महीने से तालाब में पानी ही नहीं है। सरपंच अंजनी देवी चन्द्राकर के पति एम ओमप्रकाश का कहना है कि, तालाब के गहरीकरण और साफ-सफाई के बाद पानी भरवाया जाएगा। मछली मारने ठेकेदार ने अपने हिसाब से पानी खाली किया है।

#### कार्रवाई की जाएगी

मामले में संज्ञान लिया जाएगा एवं शासन की अनुमति बैगर तालाब से पानी खाली कराने के लिए नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

**-अजीत पुजारी,** एसडीएम

## तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जीपीएम इकाई के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन नपा गौरेला के सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे ने संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कैलेंडर का विमोचन किया। कार्यक्रम में रेलवे सलाहकार मंडल पेंड्रारोड स्टेशन के सदस्य ठाकुर राम प्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष विश्वास गोवर्धन सहित संघ के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष विश्वास गोवर्धन ने सभी पदाधिकारियों से कर्मचारी हितों के लिए एकजुट होकर संघर्षरत रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की व्यवस्था जिला सचिव अरविंद कुमार उरमालिया, सूरज चौहान एवं सुदर्शन भैना ने की। इस अवसर पर अक्षय नामदेव, श्याम कुमार शर्मा, देवेंद्र कुमार शुक्ला, शिव सिंह उदय, संजय कुमार केसरवानी, महेंद्र पाल कुशवाहा, लोक सिंह पोर्ते, मनीष कुमार त्रिपाठी, सूरज कुमार सूर्यवंशी, अमित कुमार गुप्ता, संतोष काशीपुरी, राकेश कुमार मोर्चे, रविंद्र नाथ देव सहित बड़ी संख्या में संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा मासिक ईकाई मूल्यांकन



**लोरमी।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान मिशन 90 प्लस के तहत लोरमी विकासखंड की 107 पूर्व माध्यमिक शाला व 267 प्राथमिक शालाओं में 5 जनवरी से अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही 23 हाईस्कूल एवं 21 हायर सेकेंडरी स्कूल में मासिक ईकाई मूल्यांकन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकास खंड श्रोत समन्वयक डीसी डाहीरे ने मंगलवार को शासकीय पूमा बरमपुर एवं करनकापा का औचक निरीक्षण किया। श्री डाहीरे ने बताया कि, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान मिशन 90 प्लस के तहत सभी विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा में पारदर्शिता बरतने से इस वर्ष अर्धवार्षिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन एक संकुल से दूसरे संकुल में कराया जाएगा, ताकि बच्चों में अपेक्षित वास्तविक कक्षावार अधिगम स्तर का आंकलन किया जा सके।

## आकर्षण का केंद्र बना मंदिर में प्रसाद खाता नेवलों का झुंड



**लोरमी।** नगर के अधिष्ठात्री देवी पहाड़ पर स्थित मां महामाया मंदिर के प्रांगण में इस समय नेवले के झुंड प्रतिदिन प्रसाद खाने पहुंच रहे हैं। प्रसाद खाते नेवलों का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। नगर के पहाड़ पर स्थित महामाया मंदिर एवं ऊपर क्षेत्र में नेवलों का झुंड आसानी से सुबह-शाम भ्रमण करते देखा जा सकता है। मंदिर के पुजारी पंडित विजय तिवारी ने बताया कि, नेवला इस समय प्रतिदिन प्रसाद खाने प्रांगण में आते हैं, जिनकी संख्या 4 से 5 होते है। मंदिर के नीचे मैना, बदरा के आसपास झुंड अक्सर घूमते नजर आते हैं एवं प्रतिदिन मंदिर प्रांगण मंदिर देवी के सामने होते हुए प्रसाद खाकर चले जाते हैं। उन्होंने बताया कि, नेवलों ने आज तक किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिर पहाड़ पर होने के कारण पहले पेड़-पौधे अधिक थे। चूंकि अब जंगल पहले की तरह घना था नहीं है।

## एफएलएन व नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित प्रशिक्षण संपन्न



**जरहागांव।** जोन क्रमांक 1 बरेला मे सभी प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का 5 दिवसीय एफएलएन एवं नवीन पाठय पुस्तक आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बरेला जोन में प्रथम व द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के लिए 77 शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया एवं सभी को प्रशिक्षित किया गया बीआरसी मुंगेली एसएस उपाध्याय ने शाला स्तर पर एफएलएन के लक्ष्य 2026 तक प्राप्त करने एवं कक्षा तीसरी व 5वीं तक के छात्रों को 20 तक पाहड़ा और पठन, समझ के साथ धारा प्रवाह पठन एवं लेखन में सुधार के संबंध में विचार व्यक्त किया। पिंकी शर्मा संकुल प्रभारी बरेला ने समाज में शिक्षकों की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा कि, शिक्षक पालक-बालक और विद्यालय के लिए एक सेतु का कार्य करता है। मास्टर ट्रेनर गौकरण डिंडोले, गणेश गुप्ता, वर्षा चौरसिया नें प्रशिक्षण प्रशिक्षण को सफल बनाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## आदिवासी बच्चों को दी गई भक्ति समर्पण व मूल संस्कारों की शिक्षा



**भर्रीडांड़।** मनौरा में आदिवासी बच्चों के साथ एक आत्मीय पिकनिक का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि बच्चों के साथ अपनत्व, विश्वास और संवाद के माध्यम से उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का एक संवेदनशील प्रयास था। इस अवसर पर बच्चों को भक्ति, समर्पण और भारतीय संस्कृति के मूल संस्कारों की सरल एवं सजीव शिक्षा दी गई। आयोजन का नेतृत्व प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं सक्रिय समाजसेवी डॉ अनुराधा शुक्ला ने किया। गौरतलब है कि, डॉ शुक्ला जात-पात जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए निरंतर नए प्रयास कर रही हैं। उनका मानना है कि, सामाजिक सद्भाव ही एक सशक्त, समरस और विकसित समाज की आधारशिला है। आदिवासी बच्चों के साथ आयोजित यह पिकनिक सामाजिक समरसता की दिशा में एक प्रेरणादाई पहल बनकर सामने आई, जिसने यह सिद्ध किया कि जब समाज प्रेम, संवाद और संस्कार के मार्ग पर चलता है, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होता है।

## पालचुवा घूमंतु पशुधन मुक्त पंचायत घोषित



**मुंगेली।** ग्राम पंचायत पालचुवा ने पशुधन प्रबंधन के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल करते हुए स्वयं को 'घुमंतु पशुधन मुक्त पंचायत' घोषित किया है। इस अभिनव कदम से न केवल किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान पर रोक लगी है, बल्कि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका भी कम हुई है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की 'गौ सेवा संकल्प अभियान' से प्रेरित होकर ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामीणों के सहयोग से लगभग 200 निराश्रित एवं घुमंतु पशुओं के लिए व्यवस्थित गौठान की स्थापना की गई है। गौठान में 100 ट्रैक्टर पैरा, हरा चारा एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही सौर ऊर्जा आधारित 5 एचपी का पावर पंप लगाकर पशुओं के लिए निरंतर जलापूर्ति सुनिश्चित की गई है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ आरएम त्रिपाठी ने बताया कि, लगभग 2 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित इस गौठान में पशुओं के विचरण हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया गया है, जिससे वे खुले में भटकने के बजाय सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण में रह सकें। ग्राम पंचायत सरपंच विनय बंजारा की अगुवाई में इस पहल से बेसहारा एवं सड़कों पर छोड़े गए मवेशियों का बेहतर प्रबंधन, सेवा एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## हनुमान चालीसा समिति ने फूंका बांग्लादेश सरकार का पुतला



**बिल्हा।** हनुमान चालीसा समिति बिल्हा के बैनर तले नव वर्ष पारिवारिक हिंदू मिलन का आयोजन गुरुनानक धर्मशाला में हुआ। समिति के संरक्षक दय डॉक्टर आरसी अग्रवाल, संतोष यादव ने जानकारी दी कि, हिंदुओं पर लगातार बर्बरता पूर्वक अत्याचार, हिंदू परिवारों के घरों में आग लगाना, युवाओं को जिंदा जलाना, महिलाओं पर लगातार जुल्म करना आम बात हो गई है। अब वक्त आ गया है ईंट का जवाब बम और तोपों से देने का। हमारी सेना को पूरी खुली छूट दी जानी चाहिए। कार्यक्रम में समिति ने बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर कट्टरपंथियों को संदेश दिया, कि एक बार फिर उनके संपूर्ण विनाश का वक्त आ गया है।समिति द्वारा भजन संध्या व हनुमान चालीसा का पाठ आरती व राम स्तुति व वंदना कर हर भारतीयों को एक साथ संगठित होने का आह्वान किया है। इसके पश्चात सभी हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिलाओं व युवाओं का योगदान सराहनीय रहा। अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रथम गुप्ते, जितेश देवांगन, यश शर्मा, वरुण गोस्वामी, आयुष गुप्ता, शिवम नौबतका, हरीश गुप्ते, कमल गर्ग, बसंत शर्मा, राहुल शर्मा हृदय यादव, राजेश नागलिया, सुखी देवांगन, जलेश्वर कौशिक, सतीश शर्मा, राजकुमार मानिकपुरी, कन्हैया व मोनू नौबतका, श्रवण गुप्ता, सुरेंद्र मित्तल व यशवंत कुशवाहा आदि का सहयोग रहा।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने समेत दिए गए विभिन्न निर्देश

# कलेक्टर, एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

**मुंगेली।** जिले में कानून एवं व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने संयुक्त रूप से अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम, तहसीलदार एवं डीएसपी-टीआई के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उनके पारस्परिक सहयोग से किसी भी बड़ी कानून–व्यवस्था की स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि, बिना जिला प्रशासन की अनुमति के कोई भी हड़ताल, धरना या प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। साथ ही 18 वर्ष या उससे कम आयु के स्कूली छात्र–छात्राओं को किसी भी प्रकार की रैली या प्रदर्शन में शामिल नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए




कानून व्यवस्था की समीक्षा करते कलेक्टर एवं एसपी।

अधिकारियों को निर्देशित किया कि, अवैध रूप से धान के परिवहन की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि, अवैध धान खपाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा जंगल क्षेत्रें में हो रही गतिविधियों पर विशेष ध्यान देकर संबंधित दुकानों के सीसीटीवी कैमरों से नियमित मॉनिटरिंग की जाए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम से धान खरीदी के संबंध में विकासखंडवार जानकारी ली। उन्होंने खुड़िया, छपरवा, अखरार जैसी संवेदनशील समितियों में धान खरीदी की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी अवैध गतिविधियों को रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि, स्थानीय स्तर पर नामी कोचियों, बिचौलियों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता रखी जाए। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अवैध धान की हेराफेरी पर पैनी नजर रखी जाए तथा सीमावर्ती क्षेत्रें में नाकाबंदी करते हुए आने–जाने वाले सभी धान लदे वाहनों की नियमित जांच की जाए। बिना नंबर प्लेट के किसी भी वाहन को जिले में प्रवेश न करने दिया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, संबंधित सभी एसडीएम, तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, तथा पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं एएसपी मयंक तिवारी सहित सभी डीएसपी, टीआई एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गांजा व कच्ची शराब की तस्करी करते 2 गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**लोरमी।** ग्राम पेंड्री तालाब में बारह हजार पुल के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं ग्राम झाफल में महुआ शराब की तस्करी करते आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम त्वरित एक्शन में आई और पेंड्रीतालाब में बारह हजार पुल के पास घेराबंदी कर बिना नंबर की एक होंडा साइन बाइक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में धौराभाठा निवासी बाइक सवार भुनेश्वर साहू पिता गौकरण उम्र 27 वर्ष के कब्जे से काले रंग के बैग में 1 किलो 900 ग्राम गांजा कीमती 19000 बरामद किया गया। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 70 हजार को भी जब्त कर लिया। इसी तरह थाना लोरमी क्षेत्र के ग्राम झाफल मेन रोड पर महाराणा प्रताप स्कूल के सामने घेराबंदी कर राजू सिसोदिया पिता राजकुमार उम्र 19 वर्ष निवासी शिकारीडेरा परसवारा को शराब की तस्करी करते गिरफ्तार किया गया। आरोपी के जिसके कब्जे से 7 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 700 रूपए सहित परिवहन के लिए उपयोग में लाई गई मोटर सायकल कीमती 10 हजार को रूपए को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस तरह दोनों मामलों में कुल जुमला 99 हजार 700 जब्त किया गया। पुलिस ने गांजा तस्कर भुनेश्वर साहू के विरूद्ध थाना लालपुर में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट एवं शराब तस्कर राजू सिसोदिया के विरूद्ध धारा 34(2),59क आबकारी एक्ट के तहत मामले के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जल भेज दिया।

### 7.20 लीटर देसी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**पथरिया।** कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण लगाने जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साईं के मार्गदर्शन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसा क्रम आबकरी विभाग की टीम ने मंगलवार को ग्राम अमोरा में छापामार कार्रवाई करते हुए अमोरा निवासी आरोपी दिलहरन धुरी के कब्जे से 7.2 लीटर देशी शराब जब्त कर लिया।